हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

सिंघम अगेन में डांस नंबर से भौकाल दिखाएगी करीना कपूर



WWW.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 22 अप्रैल 2024, वर्ष - 07, अंक- 64, पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpress@gamil.com

# पीएम ने जारी किया भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव टिकट और सिक्का

## युवा पीढ़ी का ये समर्पण विश्वास पैदा करता है कि देश सही दिशा में जा रहा है



**एजेंसी। दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने महावीर जयंती के अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उद्घाटन पर रविवार को एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत मंडपम का ये भव्य भवन आज भगवान महावीर के 2,550वें निर्वाण महोत्सव के आरंभ का साक्षी बन रहा है। इस मौके पर विद्यार्थी मित्रों ने भगवान महावीर के जीवन को चित्रों द्वारा प्रदर्शित किया। युवाओं ने वर्तमान में वर्धमान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी पेश की। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे अनादि मूल्यों के प्रति, भगवान महावीर के प्रति युवा पीढ़ी का ये समर्पण विश्वास पैदा करता है कि देश सही दिशा में जा रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि इस शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। चुनाव के कठिन समय में ऐसे पवित्र कार्यक्रम में शामिल होना मन को शांति दे रहा है। उन्होंने कहा, भगवान महावीर का ये 2,550वां निर्वाण महोत्सव एक दुर्लभ अवसर है। ऐसे अवसर कई विशेष संयोगों को जोड़ते हैं। पीएम ने कहा ये वह समय है, जब भारत अमृतकाल के शुरुआती दौर में है और देश आजादी के शताब्दी वर्ष को स्वर्णिम शताब्दी बनाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान को भी 75 साल पूरे होने वाले हैं। इस समय हमारा देश एक बड़ा लोकतांत्रिक उत्सव यानी चुनावी महाकुंभ मना रहा है। देश को विश्वास है कि यहीं से भविष्य की नई यात्रा शुरू होगी। मेरा आप लोगों से जुड़ाव बहुत पुराना है और मैं हमेशा आप से जुड़ा रहूंगा क्योंकि पूरा देश ही मेरा परिवार है।

## 2014 के बाद ED ने 7,000 छापे मारेः मोदी

### 5 हजार केस दर्ज किए, इनमें नेताओं के खिलाफ सिर्फ 3%, फिर भी विपक्ष को तकलीफ



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के ED के गलत इस्तेमाल करने के आरोपों पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद ED की एफिशियेंसी बढ़ी है। 2014 के पहले प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) के तहत 1800 केस दर्ज किए गए थे। हमारी सरकार आने के बाद ED ने 5 हजार केस दर्ज किए हैं। इनमें से सिर्फ 3% केस नेताओं के खिलाफ रिपोर्ट हुए हैं। फिर भी विपक्ष को तकलीफ है। मोदी ने एशियानेट को दिए इंटरव्यू में कहा- 2014 के पहले ED ने 84 जगहों पर छापे मारे थे। हमारी सरकार आने के बाद 7 हजार छापे पड़े हैं। अगर कोई संस्था करप्शन को खत्म करने के लिए बनी है और वह अपना काम सही से कर रही है तो इसमें विपक्ष को क्या दिक्कत है। इतने केस दर्ज नहीं होते तो विपक्ष कहता कि ED ठीक से काम नहीं कर रही है।

# विदेशी मीडिया की नजर में चीन के समकक्ष खड़ा हो रहा है भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



'नेचर' ने अपने संपादकीय में कहा है कि जीडीपी का महज 0.64 फीसदी खर्च करके भारत अंतरिक्ष में बड़ों-बडों की बराबरी कर रहा है, इसलिए और अधिक निवेश से वह महाशक्ति के रूप में उभर सकता है। संपादकीय में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा देश में बुनियादी अनुसंधान की उपेक्षा की गई। संपादकीय में कहा गया है कि भारत में आम चुनाव चल रहे हैं, इस बात की पूरी संभावना है कि एनडीए तीसरी बार सत्ता में आएगा। वह दशक के आखिर तक भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में सफल होगा। इसके अनुसार, विज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति बनने के लिए अनुसंधान प्रणाली को अधिक स्वायत्तता की जरूरत है। भारत सरकार व्यवसायों को अधिक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करके विज्ञान व्यय को बढ़ा सकती है, जैसा दुनिया के शीर्ष देशों ने किया है। आंकड़ों की मानें तो संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद अनुसंधान और उत्पादन के मामले में भारत दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। वर्ष 2014 से 2021 तक विश्वविद्यालयों की संख्या 760 से बढ़कर 1113 हो गई। पिछले दशक में 7 और आईआईटी स्थापित किए गए हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 23 हो गई है। दो नए भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान भी स्थापित किए गए। अब विचार करें कि ये लाभ उस देश द्वारा हासिल किए गए, जिसने 2020-21 के दौरान अनुसंधान और विकास पर अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का केवल 0.64 प्रतिशत खर्च किया, यदि नई सरकार खर्च को बढ़ाती है तो भारत इस क्षेत्र में बहुत कुछ हासिल कर सकता है। पिछले महीने प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में 38 उच्च आय वाले देशों का औसत आर एंड डी व्यय लगभग 2.7 फीसदी था, जबकि चीन ने 2.4 फीसदी खर्च किया। डीएसटी के अनुसार पूर्ण रूप से क्रय शक्ति समानता (पीपीपी) के लिए समायोजित भारत का विज्ञान खर्च 2014-15 में 50.3 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2020-21 में 57.9 अरब डॉलर हो गया। पीपीपी विभिन्न देशों में किसी मुद्रा की क्रय शक्ति का माप है। वर्ष 1991 में आर्थिक सुधार लागू होने के बाद आर एंड डी खर्च में भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ी, जो 2009-10 में सकल घरेलू उत्पाद के 0.82 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। वर्ष 2022 में निजी क्षेत्र ने ओईसीडी देशों के अनुसंधान एवं विकास खर्च में औसतन 74 फीसदी और यूरोपीय संघ के 27 सदस्यों के लिए इस तरह के वित्तपोषण का 66 फीसदी था। भारत में आज निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स और अन्य क्षेत्रों में कई वैश्विक कंपनियां हैं।

## ख़ास ख़बर

### लंदन मेयर पद की दौड़ में दिल्ली के तरुण, पाकिस्तानी सादिक को देंगे चुनौती



**लंदन**। इंग्लैंड के लंदन में मेयर का चुनाव होने वाले हैं। लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत चुके हैं। लेकिन इस उन्हें भारतीय मूल के तरुण गुलाटी चुनोती दे रहे हैं। गुलाटी इस चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी पाकिस्तान मूल के सादिक खान को चुनौती देने उतर रहे हैं। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। गुलाटी ने कहा कि वह लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हैं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग आते हैं। दिल्ली में जन्मे तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए विकल्प बन सके और सभी नागरिकों की सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी बीमार, रांची की रैली में नहीं हुए शामिल



**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिलहाल बीमार हैं और वे झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को आयोजित आईएनडीआईए की 'उलगुलान न्याय रैली' में शामिल नहीं हुए। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी आज सतना और रांची में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार थे, लेकिन वह अचानक बीमार हो गए हैं और फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं।

### शादी समारोह से लौट रही वैन को ट्राले ने मारी टक्कर, 9 युवकों की दर्दनाक मौत

**जयपुर**। राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक दर्दनाक हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद वैन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। झालावाड़-अकलेरा के पचोला में हुए इस हादसे की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर घायल हो अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार हादसा आज सुबह जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे का शिकार हुए लोग मध्यप्रदेश के डूंगरी से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर डुगरगांव लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 52 पर पचोला पास ट्राले ने मारुति वैन को टक्कर मार दी। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि अकलेरा के समीप डूंगर गांव के बागरी समाज के लोग शनिवार को अपने रिश्तेदार के शादी समारोह में मध्य प्रदेश गए थे। इसी दौरान बारात में से लाटते समय उनकी वैन तेज रफ्तार ट्रोले की चपेट में आ गई। उन्होंने कहा कि हादसे में 9 लोगों की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शव को अकलेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया है।

## आईएनडीआईए की सरकार बनी तो सीएए को लिया जाएगा वापसः चिदंबरम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनी तो नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को वापस लिया जाएगा। कांग्रेस ने भले ही अपने घोषणापत्र में इसका जिक्र नहीं किया लेकिन संसद से पहले सत्र में इसे वापिस लिया जाएगा। कांग्रेस के घोषणापत्र के जारी होने बाद कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि पार्टी ने आखिरी समय में इसे अपने घोषणा पत्र से हटाया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सीएए का उल्लेख नहीं होने से पार्टी वाम दलों के निशाने पर है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इसको लेकर पार्टी की आलोचना की थी। चिदंबरम ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा कि पार्टी कई कानूनों को वापिस लेगी। वे घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष रहे हैं। घोषणापत्र में भले ही इसका उल्लेख नहीं किया गया लेकिन इसे वापिस लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इसका विरोध में संसद में भी किया था। तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने इसके खिलाफ संसद में पार्टी की ओर से पक्ष रखा था। चिदंबरम ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर एक विशेष कानून लाया जाएगा। इसके तहत 'जमानत नियम, जेल अपवाद होगा। केरल के महान सपूत जस्टिस कृष्णा के शब्दों में जमानत नियम है, जेल अपवाद है। निचली न्यायपालिका, मजिस्ट्रेट और जिला न्यायाधीशों में इस नियम का शायद ही कभी पालन किया जाता है। हर कोई जमानत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकता है।

## वित्तमंत्री की मौजूदगी में हुआ धर्मशाला का भूमिपूजन

**• दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए काशी में बनेगी 135 कमरों की धर्मशाला**

**एजेंसी। वाराणसी**



दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए काशी में बनने वाली श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला का आज भूमिपूजन धूमधाम से किया गया। यह धर्मशाला डेढ़ साल में बनकर पूरी होगी और 2025 में इसे श्रद्धालुओं के चालू कर दिया जाएगा। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में धर्मशाला की आधारशिला रखी गई। नाटकोट्टम क्षत्रम की ओर से दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए काशी में श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला बनाई जाएगी इस धर्मशाला का भूमिपूजन रविवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में धूमधाम से किया गया। इसका निर्माण डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा। अक्तूबर 2025 में धर्मशाला को श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाएगा। दसमंजिला धर्मशाला में 135 कमरे होंगे। क्षत्रम के अध्यक्ष नारायण ने बताया कि क्षत्रम ने यह जमीन 23 नवंबर 1894 में महज पांच हजार रुपये में खरीदी थी। उन्होंने बताया कि 65 हजार स्क्वायर फीट जमीन को बाबा विश्वनाथ के लिए फूल और विल्व पत्र अर्पित करने के लिए खरीदा गया था। पिछले 50 साल से जमीन, पर अवैध कब्जे को शासन व प्रशासन की मदद से हटा दिया गया है। अब इस पर 135 कमरों वाली 10 मंजिला धर्मशाला श्री काशी नकोट्टई नगर क्षत्रम का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही यहां छात्रावास, आवास और बैंक्वेट हॉल भी होगा।

**कांग्रेस ने जताई आपत्ति** : दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं के लिए सिगरा में बनने वाली धर्मशाला के शिलान्यास कार्यक्रम में वित्तमंत्री सीतारमण और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने राघवेंद्र चौबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चुनाव के दौरान ऐसा कार्यक्रम आयोजित करना अनुचित है। सत्ता के दबाव में प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

# भारत में महिलाओं की लाइफ लाइन हुई बेहतर, 68 से 71 हुई उम्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत की आबादी लगातार बढ़ रही है। कुछ समय पहले भारत ने चीन को भी मामले में पछाड़ दिया है। रिपोर्ट्स की मानें हर साल देश की आबादी 1 प्रतिशत बढ़ रही है। अब यूएनएफपीए ने रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि भारत की अब डेढ़ अरब पहुंच गई है। वहीं महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। इसमें बताया गया हैं कि महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में लगभग साढ़े तीन साल की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है। साल 2020 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 67.8 और महिलाओं की 70.4 साल थी। भारत की आबादी 144.17 करोड़ तक पहुंच गई है। जनसंख्या का आंकड़ा अगले 77 सालों में बढ़कर दोगुना होगा। साल 2050 तक भारत में दुनिया के 17 फीसदी बुजुर्ग होंगे। अभी देश में 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग 7 प्रतिशत से कम हैं। दुनिया में अनुमानित आबादी के साथ भारत सबसे आगे है, जबकि चीन 142.5 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। 2011 में पिछली जनगणना में देश की आबादी 121 करोड़ थी। इतना ही नहीं भारत में यौन संबंधों को लेकर भी जागरूकता आई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब 30 सालों में प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर हुआ है। मातृ मृत्यु (प्रेग्नेंसी के समय मौत) में कमी आई है। दुनिया में ऐसी मौतों में भारत का हिस्सा 8 प्रतिशत है। इसका सारा श्रेय सस्ता, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को दिया जा रहा है। 2006-2023 में भारत में 23 प्रतिशत बाल विवाह भी हुए हैं। वहीं रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 प्रतिशत महिलाएं यौन संबंध बनाने से मना नहीं कर पाती है, जबकि 10 में से एक महिला गर्भनिरोधक उपायों के बारे में खुद निर्णय लेने में असमर्थ हैं।

# भाजपा की सुविधा के लिए 1 जून तक कराया जा रहा मतदानः ममता बनर्जी

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को लपेटे में लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय चुनाव आयोग ने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लोगों को आराम देने के लिए मतदान की तारीख 1 जून तक रखी है ताकि बीजेपी के लोगों देश के संसाधनों का जमकर उपयोग कर सकें और उन्हें चुनावी प्रचार का पूरा वक्त मिले।मालदा जिले के गाज़ोल में टीएमसी उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रसून बनर्जी के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 19 अप्रैल से 1 जून तक चुनाव निर्धारित किए गए हैं ताकि मोदी और उनके कैबिनेट सहयोगी विशेष विमानों से यात्रा कर सकें और जमकर प्रचार कर सकें। देश में हर चरण से पहले उन्हें विपक्ष पर हावी होना है। पश्चिम बंगाल के भाजपा और कांग्रेस सांसदों पर हमला करते हुए , बनर्जी ने आरोप लगाया कि 2019 में राज्य से चुने जाने के बावजूद, उनमें से किसी ने भी मनरेगा धन जारी करने के संबंध में राज्य का मामला नहीं उठाया। उन्होंने कहा , हमारे (टीएमसी) सांसद जब पिछले साल नवंबर में मनरेगा की धनराशि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली गए थे तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन कांग्रेस और भाजपा सांसदों ने गरीबों के लिए क्या किया है? कुछ भी नहीं। लेकिन, बंगाल भीख नहीं मांगेगा। मैं आपकी रॉयल बंगाल टाइगर हूं। हमें जितने अधिक सांसद मिलेंगे, उतना अधिक काम होगा। बनर्जी ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर भाजपा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और लोगों से किसी भी गैर-टीएमसी उम्मीदवार को वोट नहीं देने का आग्रह किया। मैंने ही इंडिया ब्लॉक का नाम दिया था। लेकिन बंगाल में इंडिया गुट नहीं है।

## वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 फीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली**। देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा हुआ है। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। यह राशि संशोधित अनुमानों से बहुत ज्यादा है। मंत्रालय के मुताबिक आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 फीसदी) और संशोधित अनुमानों से 13 हजार करोड़ रुपये अधिक रहा है। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। मंत्रालय ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों के हवाले से बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 फीसदी बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही है। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है।

## न कांग्रेस की रणनीति समझ पा रहीं और न ही राहुल को भुला पा रहीं स्मृति?

**एजेंसी। अमेठी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा की जुबां पर हमेशा रहते हैं। चुनावी सभा में कोई उन्हे राहुल बाबा कहता है तो कोई शहजादा बताकर उन्हे घेरता है। जब कांग्रेस की परंपरागत सीट रही अमेठी की बात हो तो केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस मौके को कैसे छोड़ सकतीं हैं। वे लगातार बार बार राहुल गांधी को घेरने की कोशिश करतीं नजर आ रहीं हैं। भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी की सक्रियता ने चाहे अनचाहे राहुल को फिर से चुनावी केंद्र में ला दिया है। असल में स्मृति ने अपनी हर सभा में राहुल को निशाने पर लेकर, आरोप मढ़कर, भगोड़ा बताकर और गांधी परिवार पर तोहमत मढ़कर आम जन को राहुल रूपी सवाल सौंप दिया है। उनके इस कदम ने कहीं न कहीं अमेठी में राहुल पर नई बहस शुरू कर दी है। यह बहस किस मोड़ पर जाती है, इसका अंदाजा अभी लगाना थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन चुनावी समर में जो मैदान कांग्रेस प्रत्याशी के बिन सूना था वह अब राहुल के नाम से रोमांचित जरूर करने लगा है। इतना सब होने के बाद भी अमेठी को लेकर कांग्रेस ने अपने पत्ते अभी तक नहीं खोले। वहां से चुनाव कौन लड़ेगा इसकी चिंता कांग्रेस से ज्यादा भाजपा कर रही है। राजनीति के जानकार बताते हैं कि अमेठी में भाजपा की स्मृति एक मजबूत प्रत्याशी हैं तो उन्हे कांग्रेस के उम्मीदवार से क्या लेना देना।

## अरविंद को जेल में मारने की साजिशः सुनीता केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा- केंद्र सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्हें जेल में सही दवा नहीं दी जा रही। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। ये सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। सुनीता रांची में I.N.D.I.A की रैली को संबोधित कर रही थीं। इधर, तिहाड़ जेल के DG संजय बेनीवाल ने शनिवार 20 अप्रैल को AIIMS को चिट्ठी लिखी। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक सीनियर डाइबिटोलॉजिस्ट अपॉइंट करने को कहा गया है। इस लेटर को आम आदमी पार्टी (AAP) ने भी रविवार (21 अप्रैल) को शेयर किया। इस बीच, रविवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी तिहाड़ जेल के सामने इंसुलिन लेकर पहुंचीं। उन्होंने केंद्र सरकार को ब्रिटिश राज से ज्यादा क्रूर बताया। इससे पहले आतिशी ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार केजरीवाल को मारने की साजिश कर रही है। अरविंद केजरीवाल 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में हैं। 18 अप्रैल को उन्होंने कोर्ट से अपने डॉक्टर से सलाह लेने और इंसुलिन की मांग वाली याचिका लगाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना समेत 8 जिलों में 24 तक लू का अलर्ट
### 19 जिलों का तापमान 40 के पार, शेखपुरा का तापमान पहुंचा 45 डिग्री सेल्सियस

**पटना।** प्रदेश में पिछले तीन-चार दिनों से मौसम की गर्मी राजनीतिक गरमी पर भारी पर रही है। प्रदेश गर्म पछुआ हवा ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। इससे अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और लोग गर्मी महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग ने 21 से 24 अप्रैल तक पटना, शेखपुरा, जमुई, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, नवादा और नालंदा जिले में लू का अलर्ट किया गया है। पटना में पहली बार लू चलने को लेकर चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग से मिले जानकारी के मुताबिक रविवार को पटना समेत बिहार के 18 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। इसमें शेखपुरा सबसे गर्म रहा, यहां अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा औरंगाबाद का अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री, जमुई और नवादा का 43.2 डिग्री, गया का 43 डिग्री, पटना का 42.2 डिग्री, भोजपुर का 42.7 डिग्री, बांका का 42.2 डिग्री, रोहतास का 42.6 डिग्री, खगड़िया का 42.5 डिग्री, मधुबनी का 42 डिग्री, नालंदा का 41.9 डिग्री, वाल्मीकि नगर का 41.4 डिग्री, मोतिहारी और बेगूसराय का 41. 2 डिग्री, सीतामढ़ी का 40.4 डिग्री, छपरा का 40.3 डिग्री और समस्तीपुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने सोमवार को पटना में पहली बार लू चलने को लेकर चेतावनी दी है। दिन के समय 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवा चलेगी। अधिकतम तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। रविवार को पटना का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी से बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी परेशान हैं। अस्पतालों में गर्मी में होने वाली बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। विभिन्न अस्पतालों को मिलाकर प्रतिदिन 100 से अधिक मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पतालों को अलर्ट किया गया है कि लू या हीट स्ट्रोक के मरीज आएं तो उनका इलाज तुरंत हो।

### दूसरे चरण के चुनाव को लेकर जदयू प्रदेश अध्यक्ष का होगा मैराथन दौरा

**पटना।** आगामी 26 अप्रैल को बिहार के पांच लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण का मतदान होना है और इसको लेकर एनडीए गठबंधन की ओर से चुनाव प्रचार जोड़ों पर है। इसी कड़ी में बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सोमवार को पूर्णिया, कटिहार और भागलपुर लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय जनता एवं एनडीए कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। इन तमाम कार्यक्रमों में जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के साथ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी एवं लोजपा( आर ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी शामिल होंगे।

### 5 लाख नौकरियों पर झूठ बोलना छोड़, अपना वास्तविक योगदान बताएं तेजस्वी: जदयू

**पटना।** जदयू कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज कहा है कि कांग्रेस के युवराज और यहां जंगलराज के युवराज के बयानों को देखें तो ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों में झूठ बोलने का कम्पटीशन छिड़ गया है। झूठ की राजनीति के महारथी बन रहे इन युवराजों को समझना चाहिए कि उनके जंगलराज की कालिख 17 महीनों पर बोले जा रहे झूठ से धुलने वाली नहीं। उन्होंने कहा कि आजकल तेजस्वी 5 लाख नौकरी देने के एक ही झूठ का लगातार प्रचार कर रहे हैं। जंगलराज के युवराज से हमारा आग्रह है कि दिल पर हाथ रख कर जनता को बताएं कि इन नौकरियों को देने में उनका क्या योगदान है?उन्होंने तेजस्वी के दावों की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को समझना चाहिए कि इंटरनेट के जमाने में झूठ छिपता नहीं है। कोई भी पुरानी खबरों को सर्च कर के देख सकता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने 2020 में ही 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने की घोषणा कर दी थी। चुनाव बाद सरकार बनते ही इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी थी। तेजस्वी यादव के कदम उसके बाद सरकार में पड़े। उन्हें तो इन नौकरियों के बारे में जानकारी तक नहीं थी। इंटरनेट पर कोई भी जांच कर सकता है कि उस समय 10 लाख नौकरियों के बारे में पूछे जाने पर तेजस्वी यादव और उनके नेता बगले झांकते हुए, मुख्यमंत्री बनने के बाद ऐसा करने की बात कहते थे। इस मौके पर जदयू के मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय ने कहा कि हकीकत में लालू-राबड़ी काल के 15 वर्षों की बजाए नीतीश सरकार के 17 महीनों का बार-बार जिक्र कर के तेजस्वी अपने डर को दिखला रहे हैं। उन्हें भी पता है राजद राज के नाम पर उनके पास बताने को कुछ नहीं है. इसी बेचारगी में उन्हें झूठ बोलकर काम चलाना पड़ रहा है। तेजस्वी जानते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 18 वर्षों के कार्यकाल में बिहार में न्याय के साथ विकास और सामाजिक सुधार हुआ जबकि 2005 के पूर्व वाली शासनकाल में भय, भूख और भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा था। मुख्य रूप से प्रवक्ता हिमराज राम, मनीष यादव, डॉ हुलेष मांझी, पल्लवी पटेल मौजद रहें।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 119 लोगों की हुई जांच

**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास एवं अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर ट्रस्ट के सचिव अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक माह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। इस चिकित्सा शिविर में कुल 119 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस बी की जांच के लिए 25 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 70 मरीजों के आँखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमे 15 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ शशि मोहनका द्वारा किया जाएगा। मौके पर अमर अग्रवाल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा 25 मरीज के मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया गया। आज 18 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया।आँखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार द्वारा की गयी जिसमे 15 लोगों में मधुमेह पाया गया। सभी मरीजों को मधुमेह की दवा निःशुल्क दी गयी। डा कुमार ने बताया कि मधुमेह रोगियों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। मौके पर शिविर में 12 लोगों के दांतों की जांच डॉ नितिन मैतिन द्वारा की गयी जिसमे 08 लोगों के दांत में बीमारी पाई गयी। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र के द्वारा एवं शुगर कि जाँच रणधीर द्वारा की गई। साथ हीं सभी मरीजों को ओआरएस घोल समाजसेवी सुभाष अग्रवाल एवं अन्य दवा पवन केजरीवाल द्वारा उपलब्ध कराई गई।

### नीतीश सरकार द्वारा विगत 18 वर्षों में हुए विकास कार्यों के आधार पर वोट करेगी जनता : उमेश

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विगत 18 वर्षों में हुए विकास के अनेकों काम हमारी सबसे बड़ी पूंजी है और बिहार की जनता ने इस बार जात-पात से ऊपर उठकर विकास के मुद्दों पर वोट देने का मन बना लिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार एवं बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में बेमिसाल काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में एक भी इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं था लेकिन आज बिहार के सभी जिलों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई सुचारु रूप से हो रही है। वर्ष 2005 में बिहार के 12.5 फीसदी बच्चे स्कूल नहीं जाते थे।

# जनता किस पार्टी के साथ जायेगी - 4 जून को मतगणना होने के बाद ही पता चलेगा

नई सोच एक्सप्रेस





**पटना।** लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने अपना अपना घोषणा पत्र जारी किया है। घोषणा पत्र में सभी पार्टियों ने केन्द्र में उनकी सरकार बनने पर इसे लागू करने की बात कही है। तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इंडी गठबंधन के हिस्से के रूप में केन्द्र में तृणमूल की सरकार बनने पर सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) को रद्द कर देगी। साथ ही एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) की प्रक्रिया रोक दी जायेगी। तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू नहीं करने का वादा किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में भारत को मैनुफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, 3+ करोड़ और पक्के मकान बनाने, घर-घर पाइप से सस्ती रसोई गैस पहुंचाने, पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल ज़ीरो करने, गगनयान की सफलता से अंतरिक्ष में नया इतिहास रचने, देश में बुलेट ट्रेन लाने, बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज सुविधा देने जैसे वादे कर रहे है। तृणमूल कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर मनरेगा के तहत मानदेय 400 रुपये करने, सभी बीपीएल परिवारों को एक साल में 10 सिलेंडर मुफ्त देने, दुआरे राशन स्कीम को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने और प्रत्येक राशन कार्ड धारक को उनके निवास स्थान पर पांच किलो मुफ्त राशन पहुंचाने, 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को 1000 रुपये प्रति माह पेंशन दने, सभी नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का हेल्थ इंश्योरेंस कवर देंने, लक्ष्मी भंडार योजना को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने (जिसके तहत महिलाओं को एक निर्धारित मासिक राशि दी जायेगी), 25 वर्ष तक के सभी ग्रेजुएट और डिप्लोमा धारक युवाओं को मासिक स्टाइपेंड के साथ एक वर्ष की अप्रेंटिसशिप (किसी भी क्षेत्र में ट्रेनिंग) देने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को 10 लाख रुपये तक का स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की राशि तीन गुना बढ़ाने का वादे किए गए हैं। वहीं कांग्रेस अन्य वादों के अलावा भारत के संविधान के अनुच्छेद 15, 16, 25, 28, 29 और 30 के तहत अल्पसंख्यकों को मिलने वाले मौलिक अधिकारों का आदर करेगी और उन्हें बरकरार रखेगी। अनुच्छेद 15 और 16 का विस्तार करेगी। 2025 से महिलाओं को विधान सभाओं में एक तिहाई आरक्षण देगी.....। राजद ने अपनी घोषणा पत्र में केन्द्र में एक करोड़ नौकरी देने, 500 रुपये में गैस सिलिंडर देने, गरीब परिवार की महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये की सहायता देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, 200 यूनिट फ्री बिजली देने, स्वामीनाथन रिपोर्ट की सिफारिश लागू करने, सेना में 4 वर्षीय अग्निवीर योजना को बंद करने....... जैसे वादे किए गए है। घोषणा पत्रों के मुख्य विंदुओं को देखने से यह संशय उत्पन्न होता है कि जनता का रूख किस ओर जायेगी यह कहना मुश्किल है। लेकिन यह तो कहा ही जा सकता है कि बुद्धिजीवियों के वर्ग जो वैश्विक विचार रखते हैं उनका रुख निश्चित ही भाजपा की ओर घूमेंगी। वहीं जिनका विचार संविधान से प्रेरित रहता है वे कांग्रेस की ओर, और जो आरक्षण पर विश्वास रखता है या मुफ्त सहायता चाहता है उनका रूख अन्य पार्टियों की ओर जायेगा। सात चरण में होने वाले चुनाव में पहली चरण का मतदान 19 अप्रैल को सम्पन्न हो गया है। शेष 6 चरण का मतदान 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होगी। मुझे लगता है कि इस लंबी अवधि में मतदाताओं को पार्टियों की घोषणा पत्र को समझने का समय मिल जायेगा और ऐसी स्थिति में मतदान समाप्त होने तक पार्टियों की स्थिति में उतार चढ़ाव आयेगा और चुनाव परिणाम क्या होगा किस पार्टी की ओर जायेगा यह पहले चरण से सातवें चरण तक हुए मतदानों की गिनती 4 जून को होने पर ही पता चलेगा।

## खगड़िया के लोजपा सांसद चौधरी महबूब अली कैसर ने थामा लालटेन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय कर्पूरी सभागार में खगड़िया के लोजपा सांसद चौधरी महबूब अली कैसर ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक एवं भोला यादव सहित अन्य के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अपने संबोधन में नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि बिहार में लोकसभा चुनाव में चौकाने वाले परिणाम आयेंगे और देश के अन्दर मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन लोगों के समर्थन और विश्वास को जीतने का काम कर रही है। इन्होंने आगे कहा कि चौधरी महबूब अली कैसर ने जो निर्णय लिया है, यह एक बेहतर कदम है और इससे गंगा जमुनी संस्कृति को मजबूती मिलेगी साथ ही लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। आज देश में दो विचार धारा की लड़ाई है। एक तरफ संविधान बचाने वाले लोग खड़े हैं वहीं दूसरी ओर संविधान को कहीं न कहीं कमजोर करने के लिए अपने राजनीतिक हित में जो लोग इस्तेमाल कर रहे हैं उसको करारा संदेश आज के मिलन समारोह से मिलेगा। साथ ही इनके इस निर्णय से राज्य और देश में एक मजबूत मैसेज गया है। इन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार जी हमारे लिए आदरणीय हैं और वो हमारे या हमारे परिवार पर चाहे जितना भी बोल लें हम उसे आशीर्वाद के रूप में लेते हैं। वे हमारे पापा के मित्र हैं और आज कल कुछ लोग ने इन्हें हाईजैक कर लिया है। हम इसका कोई जवाब नहीं देंगे, हम इस संबंध में एक किताब लिखेंगे जिसमें सारे बातों का जिक्र किया जायेगा। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे जहां भी रहें खुश रहें। जब हम साथ थे तो उनके साथ बेटे के साथ रहे। हम उनके बारे में कुछ भी नहीं बोल सकते हैं। तेजस्वी ने आगे भाजपा और नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने जो जुमलों का पहाड़ और बरसात की थी उसे प्रथम चरण के चुनाव में लोगों ने वोट के माध्यम से बहा दिया और बता दिया कि जुमलो को किस तरह से जवाब मिलता है। इस बार चुनाव में मोदी मुद्दा नहीं है। इस बार लोगों के ज्वलंत सवाल और जनता के हित की बात हो रही है लेकिन भाजपा और एनडीए को इससे कोई मतलब नहीं है। भाजपा के घोषणा पत्र में बिहार के हितों या बिहार के सवालों पर कोई बात नहीं की गई है। मोदी के झूठ के पहाड़ को जनता वोट से ढाह देगी। राजद की सदस्यता ग्रहण करते हुए खगड़िया के सांसद महबूब अली कैसर ने कहा कि हम पूरी ईमानदारी से पार्टी में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। मुझे आज तक समझ में नहीं आया कि मेरा टिकट आखिर काटा क्यों गया? लड़ाई चाचा-भतीजे में थी लेकिन शिकार हम बनें और मुझे गद्दार कहा गया जो मेरे लिए तकलीफदेह बात थी जबकि मैंने नहीं बल्कि चिराग ने एनडीए के साथ गद्दारी की और नीतीश जी के खिलाफ क्या-क्या नहीं बोला यह सबको पता है। आज हम राजद के साथ आये हैं। हम पार्टी के नीतियों और लालू जी के सामाजिक न्याय और तेजस्वी जी के आर्थिक न्याय को मजबूती प्रदान करेंगे। तेजस्वी जी ने 17 महीने में जो किया उसे भुलाया नहीं जा सकता है। 17 महीने में ही पांच लाख से उपर नौकरियां दी। यह नौजवानों के लिए एक बेहतर संदेश है। प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी ने चैधरी महबूब अली कैसर और उनके साथियों को पार्टी का प्रतीक चिन्ह का गमछा एवं माला पहनाकर तथा सदस्यता रसीद देकर अपनी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। साथ ही गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजद विधायक मो0 युसुफ सलाउदीन, प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन, एजाज अहमद, मृत्युंजय तिवारी, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव मुकुंद सिंह, प्रमोद कुमार राम, फैयाज आलम कमाल, डॉ0 प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, निर्भय अम्बेदकर, अभिषेक सिंह, उपेन्द्र चन्द्रवंशी सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

### राजनीतिक तौर से बीमार हो चुके हैं मुकेश सहनी : अरविंद

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू के प्रदेष प्रवक्ता अरविन्द निषाद ने कहा कि विकासशील इन्सान पार्टी के द्वारा लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे गए पत्र का जवाब देते हुए कहा कि ऐसे संकेत मिलने लगा है कि पूर्व मंत्री एवं विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक मुकेश सहनी राजनैतिक तौर से बीमार हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव मुकेश सहनी एवं विकासशील इंसान के लिए जीवन-मरण का चुनाव हो गया है। इंडिया गठबंधन में तीन सीटों पर लड़ी रहे वीआईपी पार्टी चुनाव जीतने के लिए नही बल्कि अपने उम्मीदवारों की कैसे जमानत बचे इसकी लड़ाई लड़ रहा है। श्री निषाद ने कहा कि बिहार के निषाद एवं मल्लाह समाज के लोग मुकेश सहनी से सवाल कर रहे हैं मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है?मुकेश सहनी के द्वारा विषादों के नाम अपनी अंतिम राजनैतिक रोटी सेकने का मोका है। इस लोकसभा चुनाव के बाद मुकेष सहनी मुंबई में फिल्म का सेट लगाने के धंधे में पुनः लोट जायेंगे। मुकेश सहनी का राजनैतिक पैंतरेबाजी को निषाद समाज नहीं चलने देगा।

## देश के सुनहरे भविष्य के लिए नरेंद्र मोदी की जरूरत : डॉ. मृणाल

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं आईएमए, पटना के संयुक्त तत्वाधान में आईएमए बिल्डिंग, पटना में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें पटना के वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ-साथ पटना साहिब एवं पाटलिपुत्र से एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार क्रमशः रविशंकर प्रसाद एवं रामकृपाल यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक व संचालनकर्ता भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. बी. झा मृणाल थे। वहीं, इस परिचर्चा में आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आईएमए, बिहार के मुख्य संरक्षक डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, आईएमए, बिहार के अध्यक्ष डॉ. ए.एन. राय, सचिव डॉ. संतोष कुमार सिंह, आईएमए, बिहार के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विमल कारक समेत कई गणमान्य चिकित्सक मौजूद रहे। परिचर्चा के दौरान बिहार प्रदेश भाजपा के संयोजक डॉ. बी. झा मृणाल ने कहा कि राजनीतिक तौर पर यह समय कितना महत्वपूर्ण है, ये हम सभी अच्छी तरह जानते हैं। राजनीति हमारे समाज का प्रतिबिम्ब मानी जाती है और समाज की भी उतनी ही भूमिका राजनीति को दिशा देने में होती है और मेरा मानना है कि डॉक्टर्स इस समाज को जितना प्रभावित कर सकते हैं, दूसरा कोई नहीं। डॉ. मृणाल ने आगे कहा कि राजनीतिक-सामाजिक मूल्यों में आज चाहे जितनी भी गिरावट आ गई हो लेकिन डॉक्टर्स आज भी उतने ही सम्मान से देखे जाते हैं। ऐसे में समाज का पक्ष रखना कहीं-न-कहीं उनका दायित्व हो जाता है। लोकसभा चुनाव को लेकर डॉ. मृणाल ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक और कार्यकाल को तय करेगा। नए भारत, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के लिए उनके विज़न को लेकर 1 अरब 40 करोड़ भारतवासी क्या सोचते हैं, ये चुनाव यह भी तय करेगा। उन्होंने कहा कि ये तटस्थ रहने का समय नहीं, हमलोगों को तय करना है कि हमलोगों का पक्ष क्या है। अगर देश के सुनहरे भविष्य के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और एनडीए सरकार जरूरी है तो हमें अपनी भूमिका उनके समर्थन में जरूर निभानी चाहिए। रविशंकर प्रसाद एवं रामकृपाल यादव ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर देख रहा है। इस बार एनडीए 400 पार का नारा साकार होगा और उसमें बिहार का योगदान 40 में 40 सीटों का होगा। डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह एवं डॉ. ए. एन. राय ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए हमलोग एनडीए के साथ हैं।

• भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं आईएमए ने किया परिचर्चा का आयोजन

### भ्रष्टाचार के विशाल वृक्ष की नयी कोंपल हैं तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लालू परिवार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। जब भी मौका मिला इस परिवार ने भ्रष्टाचार के नये कीर्तिमान स्थापित किये। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव भ्रष्टाचार के विशाल वृक्ष की नयी कोंपल हैं। श्री मिश्र ने तेजस्वी यादव पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी कंपनी फेयर ग्रो होल्डिंग्स प्रालि तेजस्वी यादव के कब्जे में थी। इसके माध्यम से टाटा स्टील की पटना की प्राइम लोकेशन पर अवस्थित करोड़ों की संपत्ति हथिया ली गयी। छह अन्य मुखौटा कंपनियों के माध्यम से करोड़ों की बेनामी संपत्ति खरीदकर पूरी कंपनी पर तेजस्वी यादव के परिवार ने कब्जा जमा लिया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ने अपने दोनों बेटों, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव एवं बेटियों चंदा और रागिनी को पटना शहर के पॉश इलाके बेली रोड के सटे टाटा स्टील के दो मंजिला गेस्ट हाउस का मालिक बनाने के लिए राबड़ी देवी के मुख्यमंत्रित्व काल में सहारा समूह एवं प्रेमचंद गुप्ता से जुड़े लोगों की मुखौटा कंपनी फेयर ग्रो होल्डिंग्स प्रालि का भरपूर इस्तेमाल किया। यहीं नहीं, पटना के 5, राइडिंग रोड में 7,105 वर्ग फीट, मुख्य सड़क पर निर्मित 5,348 वर्ग फीट के दो मंजिला पक्का मकान, जो एक जमाने में टिस्को का गेस्ट हाउस हुआ करता था, उसे फेयर ग्रो होल्डिंग्स प्रालि नामक मुखौटा कंपनी के माध्यम से अपने कब्जे में ले लिया। श्री मिश्र ने तेजस्वी से पांच सवाल पूछते हुए कहा कि क्या टाटा स्टील की इस संपत्ति को खरीदने के लिए फर्जी कंपनी का इस्तेमाल नहीं किया गया? आखिर तेजस्वी, तेज प्रताप फेयर ग्रो जैसी मुखौटा कंपनी के डायरेक्टर क्यों बने ? क्या तेजस्वी परिवार यदि टिस्को की संपत्ति सीधे खरीदता तो लोगों को बताना पड़ता कि इसे खरीदने के लिए पैसा कहां से आया ? फेयर ग्रो जैसी मुखौटा कंपनी को क्या टिस्को की संपत्ति खरीदने के लिए मुखौटे के रूप में इस्तेमाल नहीं किया गया? फेयर ग्रो होल्डिंग कंपनी का रजिस्टर्ड पता 130/1, बाकुल बगान रोड, थाना-भवानीपुर, कोलकाता दिखाया गया है; जबकि इस पते पर इस नाम की कोई कंपनी नहीं पाई गई।क्या वह कम्पनी फर्जी नहीं थी?

• लालू परिवार ने तोड़ डाले भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड

### अमित शाह डबल इंजन की सरकार ने पिछले दस वर्षों में बिहार को क्या दिया ?

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** अमित शाह द्वारा आज दिए गए भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि वे अपने लम्बे चौड़े भाषण में 2014 और 2019 में उनके द्वारा बिहार के बारे में किए गए वादों पर एक शब्द भी नहीं बोले। कुछ कालखंड को छोड़कर बिहार में पिछले दस वर्षों से बिहार में डबल इंजन की सरकार है। इन दस वर्षों में बिहार को क्या दिया गया इस पर चुप्पी साधे रहे गए। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय बेरोजगारी और महंगाई पर किए गए वादों की कोई चर्चा नहीं की । राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नेताओं में झूठ बोलने की प्रतिस्पर्धा है। आज अपने को पिछड़ों और अतिपिछड़ों का हितैषी बताने वाले अमित शाह जी का यादास्त भले हीं कमजोर होगा, आमलोगों की यादास्त इतनी कमजोर नहीं है उन्हें अच्छी तरह से याद है कि किस प्रकार मंडल कमीशन की अनुशंसा लागू किए जाने पर भाजपा ने वीपी सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और कमंडल यात्रा निकाला गया था। इसी प्रकार जब जननायक कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में आरक्षण लागू किया था तो उनकी सरकार को इन्हीं लोगों ने अपदस्थ कर दिया था और कर्पूरी जी को भद्दी गालियां दी गई थी। लालू जी की सरकार बनने पर जब पिछड़ों, अतिपिछड़ों और दलितों को उनके अधिकारों का एहसास कराया गया और मानसिक गुलामी से मुक्ति दिलाई गई साथ हीं राजनीतिक और प्रशासनिक भागीदारी दी गई तो इन लोगों को वह जंगल राज दिखाई दे रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नेताओं के बातों को कोई अब गंभीरता से लेता भी नहीं है क्योंकि सभी इस बात को समझ चुके हैं कि भाजपा केवल झूठ बोलने वालों की पार्टी है।

### बिहार की बेटी तनिष्का बनी मिस टीन दीवा, देशभर में किया नाम रौशन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार की बेटी ने देशभर में नाम रौशन किया है। पटना की रहने वाली है और सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल से 10वीं की पढ़ाई कर चुकी 15 वर्षीय तनिष्का शर्मा ने मिस टीन अर्थ इंडिया का खिताब जीता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व किया है। जयपुर में ब्यूटी पेजेंट मिस टीन दीवा 2024 का आयोजन हुआ था। जिसमें 13 से 19 वर्ष की उम्र की 29 टीन्स ने हिस्सा लिया था। इस दौरान ओपनिंग डांस, स्वीमवियर राउंड, ईवनिंग गाउन राउंड का आयोजन किया गया। साथ ही टाईटल राउंड का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतियोगियों को अलग- अलग सैश पहनाकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चौधरी महबूब अली कैसर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं डॉ इकबाल शमी प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत



**पटना**। चौधरी महबूब अली कैसर राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं डॉ इकबाल मोहम्मद शमी प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए हैं। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा चौधरी महबूब अली कैसर को राजद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने डॉ. इकबाल मोहम्मद शमी को प्रदेश का प्रवक्ता मनोनीत किया है। सांसद चौधरी महबूब अली कैसर आज हीं राजद में शामिल हुए हैं। उन्हें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राजद की सदस्यता दिलाई। डॉ इकबाल मोहम्मद शमी पूर्व में भी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रह चुके हैं।

### किसी भी हाल में आरक्षण को नहीं हटने देंगे : डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल

**फतुहा**। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता जीवित है, कांग्रेस वाले आरक्षण को लेकर झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण में कांग्रेस का सुफरा साफ हो गया है। राहुल झूठ बोलते में माहिर है । उन्होंने ही कहा था की गरीबी समाप्त करने के लिए ऐसा मशीन लाएंगे कि आलू डालोगे सोना निकलेगा ? झूठ बोलने के लिए कई बार न्यायालय में माफी मांग चुके हैं। राहुल जी जनता ने विदाई करने के लिए फैसला कर लिया है तथा बड़ी धूमधाम से विदाई होगी। राहुल गांधी ने भागलपुर के सैनडिस्क कंपार्टमेंट की सभा में ऐलान किया कि हम सत्ता में आए तो हर महीने महिलाओं को खाते में एक लाख रुपए देंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने राहुल बाबा से पूछा है की हर महिलाओं को एक लाख रुपया प्रतिमाह देने के लिए क्या वही मशीन मशीन हर क्षेत्र में बैठाएंगे जिस मशीन में आलू डालते हैं सोना बन कर निकलता है।

### अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 119 लोगों की हुई जांच



अग्रसेन सेवा न्यास एवं अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आज शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया. मौके पर ट्रस्ट के सचिव अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक माह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। आज के इस चिकित्सा शिविर में कुल 119 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'B' की जांच के लिए 25 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 70 मरीजों के आँखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया. इनमे 15 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था. इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ शशि मोहनका द्वारा किया जाएगा। मौके पर अमर अग्रवाल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा 25 मरीज के मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया गया। आज 18 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। आँखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार द्वारा की गयी जिसमे 15 लोगों में मधुमेह पाया गया। सभी मरीजों को मधुमेह की दवा निःशुल्क दी गयी। डा कुमार ने बताया कि मधुमेह रोगियों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। मौके पर शिविर में 12 लोगों के दांतों की जांच डॉ नितिन मैतिन द्वारा की गयी जिसमे 08 लोगों के दांत में बीमारी पाई गयी। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र के द्वारा एवं शुगर कि जाँच रणधीर द्वारा की गई। साथ हीं सभी मरीजों को ओआरएस घोल समाजसेवी सुभाष अग्रवाल एवं अन्य दवा पवन केजरीवाल द्वारा उपलब्ध कराई गई। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर कुमार अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, अनिल गुप्ता, ललन लाठ, संतोष केडिया, श्रवण अग्रवाल , रमेश अग्रवाल, राजकुमार खेमका, सुभाष बंका, रितेश तुलस्यान, तरुण हिसारिया, संतोष अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों की रही ।

### प्रेम यूथ फाउंडेशन ने घर घर जाकर मतदाताओं किया जागरूक




**पटना** – प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वयंसेवक घर घर जाकर मतदाताओ से मिलकर लोगो से मतदान करने का अपील कर रहे है ।फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर रघुवीर ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में शिशुपालकुमार , रघुवीर, राजदीप,हीरालाल कुमार, ,सुजीत कुमार,गौरव गुप्ता,रवि प्रकाश, हिमांशु शर्मा, विकाश कुमार,सन्नी कुमार , प्रियंका कुमारी, मोना झा, इंशा उजमा,रीता सिंह,दीपक कुमार,आर्यन राज, रागनी जयशवाल समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक जुटे रहे ।

# धूम धाम से निकली भगवान महावीर की शोभा यात्रा

नई सोच एक्सप्रेस





अहिंसा के अग्रदूत जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2622 जन्म कल्याणक महोत्सव के शुभ दिन रथ पर भगवान महावीर की भव्य शोभा यात्रा प्रातः 8 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कांग्रेस मैदान कदमकुआ से प्रारंभ हुई . पूरे देश में बिहार हीं ऐसी पवित्र भूमि है जो भगवान महावीर की जन्म भूमि - कर्म भूमि एवं निर्वाण भूमि रही है. भगवन महावीर के पांचो कल्याणक बिहार में हीं हुए हैं. अतः बिहार में भगवान महावीर के जन्मोत्सव का पूरे देश के लिए बहुत महत्त्व है . भगवान महावीर की यह शोभा यात्रा प्रातः 8 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैन, कांग्रेस मैदान कदमकुआ से प्रारंभ हुई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पीली साड़ी में एवं पुरुष सफेद वस्त्र में चल रहे थे। यह शोभा यात्रा कदमकुआं, होकर पीरमुहानी, सीडीए आफिस, एक्जीविशन रोड, न्यू डाकबंगला रोड, मौर्यालोक काम्प्लेक्स, बुधमार्ग ऊपरी फ्लाई ओवर पर चढ़ कर ऊपरी जीपीओ गोलम्बर, करबिगहिया गोलम्बर होते हुए पुल से मीठापुर उतरकर दिगम्बर जैन मंदिर तक आकर समाप्त हो गयी. शोभा यात्रा बहुत हीं उल्लास एवं उमंग तथा गाजे बाजे के साथ निकली जिसमे सैकड़ों जैन - अजैन परिवारों के पुरूष ,महिलायें एवं बच्चों ने भाग लिया ।

**शोभा यात्रा का स्वागत**-शोभा यात्रा का स्वागत पूरे रास्ते विभिन्न स्थानों पर आरती एवं अर्चना के साथ किया गया. महिलायें केसरिया परिधान तथा पुरुष सफ़ेद परिधान में थे। जुलूस में मंजू जैन एवं अंकित जैन के नेतृत्व में भक्तिमय गीत "वर्तमान में वर्धमान (महावीर)

**• महावीर भगवान पधारो मन मंदिर में - लेकर मीठी तान पधारो मन मंदिर में**

की आवश्यकता है" एवं अन्य भक्तिमय गीत गाये जा रहे थे। जुलूस में गीत एवं नृत्य से पूरे वातावरण को भक्तिमय करते हुए भगवान महावीर के संदेश - "प्राणी मात्र से प्रेम करो - जियो और जीने दो" "सभी धर्मो का सार - मत करो जीव संहार " इत्यादि द्वारा जन - जन तक भगवान महावीर के सन्देश पहुंचा रहे थे, महिलायें पूरे रास्ते नृत्य संगीत करते चलती रही. शोभा यात्रा के आगे आगे भक्तगण सफाई का सन्देश देते हुए चल रहे थे.नारायण रेकी परिवार ने टी शर्ट दिए नारायण रेकी संस्थान के पटना प्रभारी अरविंद कुमार द्वारा जुलूस में चल रहे रिक्शा, ठेला चालक, रथ वाले इत्यादि सभी को पीला टी शर्ट दिया गया।

**शोभा यात्रा में झांकी द्वारा संदेश**- इस शोभा यात्रा में महिलाएं द्वारा पांच सामाजिक सरोकार पर झांकी भी निकाली गाई।महिलाओं की पहली झांकी में स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया गया। महलाओं की दूसरी झांकी में पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। तीसरी झांकी में राजस्थानी परवेश में धर्म प्रभावना का संदेश दिया गया। चौथी झांकी में भगवान के जन्मोत्सव को डांडिया नृत्य द्वारा दर्शाया गया। पांचवीं झांकी में दिखाया गया कि आज नारी समाज के सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। जज के, पुलिस के चिकित्सक के शिक्षक, महिला पोस्ट वीमेन, इत्यादि दिखाया गया। जैन युवा जागृति मंच के बच्चों द्वारा सारथी बनकर रथ संचालन किया गया। शोभा यात्रा में महिलायें भगवान् महावीर के सन्देश लिखकर चल रही थी. इस शोभा यात्रा का चिरैयातांड रामनवमी कमिटी के द्वारा करबिगहीया पुल पर लस्सी,और ठंडई पिला कर स्वागत किया ,जिसमे दीपक जैन जी,सोनू जी,संजय यादव,संतोष यादव,मदन जी,ज्ञानप्रकाश जी,अरविंदजी, प्रियरंजनजी, मनोज रजक, टुनटुन यादव सहित कई लोग शामिल थे। शोभा यात्रा की समाप्ति पर मीठापुर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर का स्वर्ण कलश से शांति धारा किया तथा 108 कलशों द्वारा अभिषेक , पूजन एवं आरती सादर भक्ति भाव से किया गया । अंत मे सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन हुआ. मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि पूरे शोभा यात्रा एवं कार्यक्रम का कुशल संचालन जैन संघ के अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री मुकेश जैन, पूनम सिंघी, कांग्रेस मैदान दिगम्बर जैन मंदिर अध्यक्ष विनोद पहाड़िया, मीठापुर जैन मंदिर के सचिव सुनील जैन एवं युवा मंच तथा अन्य सदस्यों के द्वारा किया गया । महावीर जयंती के अवसर पर बिहार सरकार द्वारा निरामिष दिवस की घोषणा की गयी है जिसका स्वागत जैन संघ सहित सभी ने किया तथा महामहिम राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री को प्रतिवेदन दिया कि निरामिष दिवस का अनुपालन कठोरतापूर्वक किया जाए ।

## जरूरतमंदों के बीच व्हील चेयर का वितरण



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने रविवार को जरूरतमंदों के बीच व्हील चेयर का वितरण किया। व्हील चेयर का वितरण पाटलिपुत्र स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्लब की असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ. नीना कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि चार जरुरतमंदों के बीच व्हील चेयर का वितरण किया जा रहा है। इससे उन्हें कार्य करने में असुविधा नहीं होगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन के मैनेजर मिथिलेश शरण मौजूद रहे। उन्होंने क्लब के इस कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में क्लब के प्रेसिडेंट चिंतन जैन, सेक्रेटरी कविता अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, अमित अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, संजय बंसल, सीमा बंसल, प्रकाश अग्रवाल समेत अन्य मेंबर्स मौजूद रहे।

## अपार हर्ष और हुलास के साथ पटना जैन श्वेतांबर समाज ने मनाया अपने 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक

नई सोच एक्सप्रेस

अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी के 2623 वे जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में पटना के जैन श्वेतांबर समाज द्वारा एक साथ एकत्रित होकर पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे भगवान महावीर के आलौकिक रथ के साथ नाचते गाते हुए भगवान महावीर का जन्म जयंती मनाया गया। भगवान महावीर की प्राचीन प्रतिमा जैन श्वेतांबर मंदिर नागेश्वर कॉलोनी में स्थित है प्रातः भगवान के प्रक्षाल एवं पूजा के पश्चात भगवान की रथ यात्रा निकाली गई। पटना जैन श्वेतांबर श्री संघ के अंतर्गत संपूर्ण जैन श्वेतांबर समाज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ अपने चरम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव को पूजा एवं भक्ति के साथ मनाया। पटना जैन श्वेतांबर श्री संघ के संयोजक श्री भरत भाई मेहता ने बताया की भगवान महावीर स्वामी का जन्म स्थान क्षत्रियाकुंड जमुई बिहार में हुआ हुआ है तथा उनका निर्वाण बिहार के पावापुरी में हुआ है इस प्रकार बिहार की भूमि जैन समुदाय के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। पटना जैन श्वेतांबर श्री संघ के संयोजक श्री रंजन कुमार जी बैद ने बताया कि पूरे वर्ष इस ऐतिहासिक दिन की तैयारी में पूरा जैन श्वेतांबर समाज लगा रहता है। पटना जैन श्वेतांबर श्री संघ द्वारा शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें भगवान महावीर स्वामी की सवारी बाकरगंज स्थित भगवान महावीर स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर नागेश्वर कॉलोनी से प्रातः 8:00 बजे प्रारंभ होकर गांधी मैदान, एग्जीबिशन रोड, भट्टाचार्य रोड, राजेंद्र पथ,कदमकुआं, श्री दिगंबर जैन मंदिर कांग्रेस मैदान, नाला रोड,ठाकुरबारी रोड होते हुए पुनः भगवान महावीर स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर नागेश्वर बाकरगंज पहुंचा। श्वेतांबर समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा की रौनक घोड़े, बग्गी, भगवान का अलौकिक रथ, ऊठ जैन श्वेतांबर समाज की महिलाए एवं जैन समाज के पुरुष वर्ग भगवान के मीठे मीठे भजनों को गाते गुनगुनाते हुए भगवान की भक्ति में लीन हो गए और माहौल ऐसा बना कि मानो स्वर्ग का नजारा हो। शोभा यात्रा का संचालन यूनाइटेड जैन क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया। श्री भारत भाई मेहता ने बताया की यूनाइटेड जैन क्लब के बच्चे निरंतर कई वर्षों से परमात्मा की सेवा एवं भक्ति में अपना सहयोग इसी प्रकार देता रहता है।शोभा यात्रा के दौरान पुरुष वर्ग ने पुरुष वर्ग ने कुर्ता पायजामा एवं महिलाएं लाल पीले केसरिया परिधान में नजर आई। शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम साथ साथ चलता रहा एवं पूरे मार्ग में सभी को भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंती का प्रसाद दिया गया । यात्रा के पश्चात मंदिर में भगवान महावीर स्वामी जन्म पंचकल्याणक पूजा, मंगल आरती के पश्चात साधार्मिक वात्सल्य (जन्म कल्याणक का प्रसाद) का लाभ पधारे हुए लोगों ने ग्रहण किया। यात्रा में सूरज नौलखा, प्रतिक बुच्चा, जयंत बगड़िया, जयेंद्र कोठारी,विवेक खाखरा, धर्मेश दोषी, समीर दोषी, भूपत भाई कोठरी,अशोक शाह, आदि संपूर्ण जैन श्वेतांबर समाज मौजूद था। पटना जैन श्वेतांबर श्री संघ के मीडिया प्रभारी विसी नमन जैन ने बताया कि पूरे समाज के सहयोग के साथ और भगवान महावीर के आशीर्वाद से यह जन्म कल्याणक एक महोत्सव की तरह मनाया गया तथा सभी युवा वर्ग एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर भगवान के शोभा यात्रा को स्मरणीय बना दिया। साथ ही जैन समाज ने बिहार सरकार के पूर्व मुख्य मंत्री श्री सुशील मोदी जी की शीघ्र स्वास्थ लाभ के लिए प्रार्थना की। इस यात्रा मैं भारत सरकार के पूर्व क़ानून मन्त्री रवि शंकर प्रसाद MP भी शामिल हुए ।

# मतदाता जागरूकता रैली निकालने का सिलसिला जारी

नई सोच एक्सप्रेस






**राजापाकर**। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम कचहरी, ग्राम पंचायत में मुखिया, प्रखंड कर्मियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।रामपुर रत्नाकर उर्फ सरसई पंचायत के ग्राम कचहरी परिसर में पंचायत के सभी पंचों के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। पंचों को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर खासकर महिलाओं को मतदान के दिन बूथ पर आने के लिए प्रेरित की गई।वही बेरई पंचायत में मुखिया कुणाल कुमार एवं पंचायत के सभी पंचायत कर्मी, विकास मित्र, सेविका, सहायिका द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जो पंचायत के विभिन्न वार्ड का भ्रमण कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। मौके पर लोगों को बताया गया कि यह लोकतंत्र का महापर्व है,जो 5 साल में एक बार आता है इसमें सभी मतदाता महिला पुरुष आवश्यक रूप से शामिल हों जो भाई-बहन रोजी-रोटी के लिए घर से बाहर रहते हैं उनके परिजनों को भी लोकतंत्र के महा पर्व में शामिल होने के लिए घर आने के लिए प्रेरित किया गया। वोट देकर कर्तव्य निभाएं लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। मौके पर नोडल अधिकारी सुबोध कुमार,बेरई पंचायत मुखिया कुणाल कुमार, सरसई पंचायत के सरपंच रीमा कुमारी ,मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार, विकास मित्र राजू कुमार ,सरोज कुमार सहित अनेक लोग शामिल हुए।

## रोटरी क्लब ऑफ पटना कंकड़बाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर दो कार्यक्रम आयोजित किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। पर्यावरण से संबंधित विभित्त विषयों पर चर्चा पर चर्चा हुई और जल संचय "Save Water" थीम पर बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता "Sit and Draw Painting Competition" चर्चा का प्रारंभ क्लबके अध्यक्ष रोटेरिन राज किशोर सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण से किया । यह कार्यक्रम न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया।PDG रोटेरिन डॉ 0 राकेश प्रसाद ने बच्चों को रोटरी द्वारा किये जाने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। डॉ 0 नवीन कुमार, वरीय वैज्ञानिक, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण एवं उससे संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया। खुले सत्र में बच्चों ने पर्यावरण विषय पर जो प्रश्न किये उनका बारी बारी से जबाब दिया और बच्चों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने की सलाह दी। पेंटिंग प्रतियोगिता मे 58 छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को प्रशस्ति पत्र evem पुरस्कार दिता गया। कार्यक्रम की कॉर्डिनेटर डॉ 0 दीप्ति सहाय ने मुख्य अतिथि, स्कूल की प्रिंसिपल डॉ 0 निना कुमार, बिरेंद्र नाथ बरिआर,को अंगवस्त्र एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया क्लब के सचिव रोटेरियन अजीत कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल के प्रिंसिपल, स्टाफ, सभी अतिथियों एवम क्लब के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया और आभार व्यक्त किया।

## इवास मॉडुलर किचन का गोला रोड में भव्य शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना** : सोहोम इंटीरियर्स द्वारा संचालित इवास मॉडुलर किचन एंड वार्डरोब्स का भव्य शुभारंभ रविवार को गोला रोड स्थित शुभराज मार्केट में किया गया। इस प्रीमियम किचन शोरूम का उद्घघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईएएस व्यास जी, विशिष्ट अतिथि आईपीएस सत्यनारायण कुमार, इंडियन बैंक के फील्ड जीएम राकेश सहगल, मंडलीय प्रमुख पटना ओपी कालरा, सोहोम इंटीरियर्स के संचालक प्रभाकर कुमार, प्रणय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सोहोम इंटीरियर्स के संचालक प्रभाकर कुमार एवं प्रणय कुमार ने कहा कि बिहार में मॉडुलर फर्नीचर की मांग बढ़ रही है जिसका प्रमुख कारण समय से प्रोडक्ट डिलीवरी, कारपेंटर के तुल्य भाव उत्तम क्वालिटी, दस साल की वारेंटी तथा दो साल की फ्री सर्विस है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में यह भी देखा जा रहा है की सिमटते परिवार में समय का अभाव, कारपेंटर द्वारा किया गया काम, असंतोष जनक क्वालिटी के कारण ब्रांड के तरफ लोगों का आकर्षण बढ़ा है। इन्वेस्टमेंट से पेमेंट एवं समय के साथ बदलते परिवेश में लोगों की आकांछाओं को इवास मॉडुलर किचन फलिभूत करता है। वहीं इंफ्रा मार्केट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिजीत झावर ने कहा कि हमारा प्राथमिक उद्देश्य बिहार में प्राथमिकताओं के अनुरूप सेवा प्रदान करके रसोई डिज़ाइन में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि हम इस लॉन्च के साथ मॉडुलर किचन और फर्नीचर की बढ़ती मांग के बीच एक मजबूत उपस्थिति और प्रतिष्ठा स्थापित करने और राज्य में पर्याप्त बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की योजना बना रहे हैं। मौके पर विनोद कुमार, पवन कुमार, एसके सिन्हा, संतोष कुमार तिवारी, शोभित यादव, अतुल बोरकर, प्रगुण शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने एक ही मंच से कटिहार में किया चुनावी सभा

नई सोच एक्सप्रेस





- नरेंद्र मोदी की सरकार ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण को समाप्त किया : गृह मंत्री आमित शाह
- अब मैं इधर से उधर नहीं होने वाला हूं : नीतीश कुमार

**कटिहार**। भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक ही मंच से कटिहार राजेंद्र स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित किया। गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से बीएमपी के मैदान में उतरे बीएमपी मैदान से सड़क मार्ग होते हुए 01: 45 बजे चुनावी सभा स्थल पहुंचे। पहले मुख्यमंत्री पहुंचे उनके बाद गृह मंत्री पहुंचे। चुनावी सभा का अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज राय कर रहे थे। गृह मंत्री अमित शाह ने मंच पर पहुंचते ही मतदाताओं को हाथ हिलाकर अभिनंदन किया।गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि तीर मोहनी संगम, कल्याणी नदी, दुर्गा मंदिर, गोरखनाथ मंदिर को प्रणाम करता हूं। कटिहार की नगरी त्रिमुहानी संगम पर स्थित है। इसलिए सभी को मैं प्रणाम करता हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। सभी राज्य में मोदी लहर चल रही है।आम जनता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं और वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इसके लिए कटिहार लोक सभा के एनडीए के प्रत्याशी दुलाल चंद्र गोस्वामी के तीर पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाये। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण को समाप्त करने का काम किया। 80 करोड़ जनता को 5 किलो अनाज मोदी सरकार ने देने का काम किया। 12 करोड़ शौचालय, 4 करोड़ आवास, 10 करोड़ माता को उज्जवला गैस कनेक्शन, 14 करोड लोगों को नल से जल देने का काम किया। 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी की सरकार ने बहुत बड़ा परिवर्तन किया है।उन्होंने लालू और कांग्रेस पर आधे हाथ लेते हुए कहा कि लालू यादव ने बिहार को परिवारवाद और जातिवाद और तुष्टीकरण देने का केवल काम किया है। उन्होंने किसी प्रकार का काम नहीं किया है। लालू और कांग्रेस हम लोगों के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। 15 वर्ष से पूर्व लालू प्रसाद ने बिहार को जंगल राज बना दिया था। गरीबों पर अत्याचार कर रही थी। कांग्रेस ने मंडल कमीशन का विरोध किया था।पिछड़ा समाज का विरोध किया था। लेकिन भाजपा अति पिछड़ा वर्ग का नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया। चाय बेचने वाले के बेटा को प्रधानमंत्री बनाया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछड़ा अति पिछड़ा वर्ग के 35% संसद को बनाया गया। 16 नई जातियों को ओबीसी से जोड़ने का काम किया गया। मेडिकल एवं इंजीनियरिंग में भी 27% आरक्षण देने का काम किया गया। केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल में नामांकन में भी आरक्षण देने का कार्य किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कश्मीर हमारा है। बिहार की जनता कश्मीर के लिए जान देने के लिए तैयार है। अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाया गया। मोदी सरकार आतंकवादी का भी सफाई सर्जिकल स्ट्राइक कर किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महा गठबंधन देश को लालटेन युग में लाना चाहता है और मोदी सरकार ने देश को विकसित देश के रूप में बनाना चाहता है।मोदी सरकार ने के 1 दिन में दो नए कॉलेज, एक दिन में एक लाख गरीबों को मुद्रा लोन देने का कार्य कर रही है। लालू की सरकार ने बिहार को मात्र 2.80 करोड़ का पैकेज दिया था। लेकिन मोदी सरकार ने 9,923 करोड़ का पैकेज के अलावे सड़क पुल पुलिया के मध्य में 4 करोड़,1 लाख करोड़ रेल के क्षेत्र में विकास के लिये दिया। 2000 करोड़ एयरपोर्ट के विकास के लिए दिया।नारायणपुर से पूर्णिया फोरलेन का निर्माण किया जा रहा है। साहिबगंज से मनिहारी गंगा नदी पर पूर्व का निर्माण किया जा रहा है। कटिहार में ओवरब्रिज का निर्माण किया गया। कटिहार में 82000 आवास देने का काम किया गया। 18,1000 आयुष्मान कार्ड दिया गया। चार लाख 50 हजार गैस कनेक्शन दिया गया। कटिहार में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज दिया। सदर अस्पताल का जिर्णोद्धार किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मैं 1995 से ही भाजपा के साथ हूं और साथ रहूंगा। अब मैं इधर से उधर नहीं होने वाला हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मैं अटल बिहारी के सरकार में मंत्री रहा हूं। बिहार में 1995 से मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने के बाद बिहार में हिंदू मुस्लिम का झगड़ा को समाप्त करने का काम किया।लालू के राज में तो शाम में लोग घर से निकलना नहीं चाहते थे उन्हें डर लगता था। अब तो शाम में लड़का लड़की भी घर से बाहर निकल रहे है। लड़कियों को पढ़ने के साथ-साथ साइकिल योजना एवं कई योजनाओं का लाभ देने का काम किया। पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50% आरक्षण सरकारी नौकरी में महिलाओं को 35% आरक्षण देने का कार्य किया है। सब तरफ काम किया हूं। आगे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का काम और आगे बढ़ेगा। बिहार में 40 सीट में 40 सीट और देश में 400 सीट लाकर नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे।बिहार भी बहुत आगे हो जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी दुलाल चंद्र गोस्वामी ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के हाथ को मजबूत करने के लिए 26 अप्रैल को चुनाव चिन्ह तीर छाप पर मेरे पक्ष मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाएं। मैं कटिहार का बेटा हूं और बेटा ही रहूंगा। सभा को संबोधित करते हुए जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष जिला पार्षद आशा सुमन,सीमा पूर्वे, पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद, विधायक निशा सिंह, कविता पासवान, मेयर उषा अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, बरारी विधायक विजय सिंह, मंत्री लेसी सिंह, मंत्री विजय चौधरी, सांसद संजय झा,पूर्व सांसद डॉक्टर अशफाक अहमद करीम, पूर्व सांसद निखिल चौधरी, पूर्व विधायक नागेंद्र यादव,विधान पार्षद अशोक अग्रवाल,जदयू जिलाध्यक्ष शमीम इकबाल, उमाकांत आनंद, संगीता देवी आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।चुनावी सभा में दस से अधिक महिला पुरुष ने भीषण गर्मी में धैर्य पुर्वक पुरे कार्यक्रम तक डटे रहे। जिसमें महिलाओं की संख्या सबसे अधिक देखा गया। पुलिस प्रशासन के द्वारा चाक चौबन्ध सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था।

## कदवा से भाजपा एवं जदयू के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में लिया भाग





नई सोच एक्सप्रेस

- भाजपा एवं जदयू के कार्यकर्ताओं के नारों से कटिहार गूँजता रहा

**कटिहार**। गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी सभा में कदवा प्रखंड से बड़ी संख्या में भाजपा एवं जदयू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लिया। भाजपा नेता सह पूर्व मुखिया सुमंत सिंह के नेतृत्व में कदवा प्रखंड मुख्यालय से जुलूस निकालकर राजेंद्र स्टेडियम सभा स्थल तक पहुंची। राजेंद्र स्टेडियम के मुख्य द्वार पर भाजपा एवं जदयू के कार्यकर्ताओं ने की नारों से कुछ देर तक गूंजे मान हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं नरेंद्र मोदी अमित शाह की जय जयकार लग रहे थे और बीच-बीच में 400 पर का भी नारा लगा रहे थे। भाजपा नेता सह पूर्व मुखिया सुमन्त सिंह के साथ संजीव कुमार ठाकुर,ज्ञान रंजन मेहता, राजेंद्र गोस्वामी,बमबम मंडल, श्याम मंडल, पप्पू शर्मा,मिथुन गोस्वामी, अनुज शर्मा, गौरव मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। उधर जदयू नेत्री आशा सुमन, कदवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश भगत एवं चंदन भगत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं ने कदवा प्रखंड से जुलूस निकालकर सभा स्थल पहुंचे। सभा स्थल में नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार के पक्ष में नारेबाजी किया गया।

## ऑटो और मालगाड़ी के बीच भीषण टक्कर में महिला की मौत, नौ घायल, तीन की हालत चिंताजनक, पटना रेफर

नई सोच एक्सप्रेस



**गया**। ऑटो और मालगाड़ी के बीच भीषण टक्कर हो गयी। घटना में एक महिला की मौत हो गयी और तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार गया-किउल रेलखंड पर चातर हाल्ट मानवरहित रेलवे समपार फाटक के पास गया से किउल की ओर जा रही मालगाड़ी से ऑटो की टक्कर हो गयी। टक्कर के बाद ऑटो के दूर गिरने के बाद ऑटो पर सवार कई यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों के अथक प्रयास से जख्मी पुरुष- महिलाओं को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि ऑटो चातर हाल्ट रेलवे समपार फाटक पार करने के क्रम में मालगाड़ी से टक्कर खा दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऑटो पर सवार लोग शादी समारोह के बाद ककोलत से स्नान कर अपने घर हिसुआ थाना के अरियन गांव जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई जिसमें एक महिला की मौत हो गयी वहीं 3 बच्चे, एक महिला, 2 युवती एवं एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं। घायलों में सभी अरियन गांव के रहने वाले चुन्नू सिंह, ज्योति कुमारी, मनीता देवी, 4 वर्षिय अनन्या कुमार, 4 वर्षिय पीहू कुमार, 7 वर्षिय रिशु राज, लक्ष्मी कुमार शामिल हैं। मृतका महिला की पहचान अरियन गांव निवासी शंकर कुमार की पत्नी कारी देवी उर्फ ब्यूटी कुमारी के रूप में हुआ है,मृतका के बेटी 4 वर्षीय गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। ऐसे सभी घायलों का सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। सदर अस्पताल में खुद सिविल सर्जन रामकुमार और डीएस एस डी अरैया ने घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे, गंभीर हालत में जख्मी की बेहतर इलाज की प्रयास किया जा रहा है जबकि दो लोगों की हालत बेहद ही नाजुक बनी हुई है और उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है तथा सात को पावापुरी भेजा गया है बाकी एक का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। रेलवे सुरक्षा बल के नवादा स्टेशन प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि टेंपू चालक की लापरवाही से यह दुर्घटना हुई है,मामले की जांच कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी, बताते चले कि मानवरहित चातर रेलवे फाटक पर यह कोई पहली दुर्घटना नही है,इसके पहले भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। बावजूद रेलवे व प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जा पा रहा है।

## सौतेले भाई ने भाई की चाकू गोद कर कर दी हत्या जांच में जुटी सदर थाने की पुलिस

नई सोच एक्सप्रेस



**मधेपुरा** । नगर परिषद क्षेत्र, मधेपुरा के आजाद नगर वार्ड नंबर आठ में सौतेली भाई ने भाई अखिलेश कुमार को चाकू से गोदकर कर दी हत्या बताने की मधेपुरा नगर परिषद क्षेत्र के आजाद नगर वार्ड नंबर आठ में भैंस बेचने के विवाद को लेकर सौतेले भाई रूपेश कुमार ने भाई अखिलेश कुमार को चाकू गोद कर कर दी हत्या मृतक एकलौता पुत्र था अखिलेश के हत्या से पूरे मोहल्ला में सनसनी फैल गई इधर घटना की जानकारी मिलती ही मधेपुरा सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी पुलिस इंस्पेक्टर विमलेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मधेपुरा सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर मृतक अखिलेश कुमार की मां से घटना के फ़र्द बयान लेकर आरोपी युवक के गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन कर लगातार छापामारी और कार्रवाई के लिए पुलिस छापामारी कर रही है वहीं सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने छापामारी के दौरान आरोपी युवक के पिता उमेश यादव को मौके से गिरफ्तार कर लिया। मृतक अखिलेश कुमार की डेड बॉडी को मधेपुरा सदर अस्पताल की पोस्टमार्टम हाउस में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नाटक से बताया लू लगने से बचाव का तरीका



नई सोच एक्सप्रेस

**फुलवारी शरीफ**। सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच की ओर से साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक की श्रृंखला में नाटक- "लू से बचाव" का मंचन किया गया। नाटक को महेश चौधरी ने लिखा और निर्देशन मिथिलेश कुमार पांडे ने किया। नाटक की शुरुआत सौरभ राज के स्वरबद्ध गीत- कड़ी धूप में घर से बाहर निकले से पहले भईया खूब पानी पी के, गमछी से माथा तोप के निकलीह, ई हवे जानलेवा.. से हुई। नाटक में यह दिखाया गया कि भीषण गर्मी के कारण गर्म हवाएं एवं लू से शरीर पर किस प्रकार से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जो कभी- कभी जानलेवा भी हो सकता है और लू से किस तरह बचा जा सकता है। आज 42 डिग्री सेल्सियस तापमान हो चुका है। अगर हम नहीं चेते तो इसे 60 डिग्री सेल्सियस होने में देर नहीं लगेगी। 56 डिग्री सेल्सियस पर इंसान जीवित नहीं रह सकता है।इसलिए अपने जीवन की रक्षा के लिए अभी से पौधे लगाने होंगे। अब कुछ दिन में बारिश भी आने वाली है तो इस मौके पर कम से कम दो पेड़ आप अवश्य लगाएं। सब कुछ सरकार पर ना छोड़िए क्योंकि वृक्ष ही जीवन है। नाटक के कलाकार महेश चौधरी,मिथिलेश कुमार पांडे, अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ.कंचन कुमारी,शिव प्रसाद, अंजनी कुमार,सौरभ पांडे, अमन,करण,रंजन, दिव्यांशी, मंजू कुमारी, पूजा कुमारी, देव दर्शन और पीयूष थे।

## त्रिकालदर्शी देवराहा बाबा शिवनाथ दास जी महाराज का आगमन 22 अप्रैल को

नई सोच एक्सप्रेस



- दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों के बाबा देंगे आशीर्वचन व दीक्षा

**खगड़िया**। त्रिकालदर्शी देवराहा शिवनाथ दास जी महाराज का आगमन सोमवार को हो रहा है, जो दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव समारोह में बिहार के विभिन्न ज़िलों से आने वाले भक्त जनों को आशीर्वचन और दीक्षा भी देंगे। उक्त जानकारी देते हुए अन्तर्राष्ट्रीय अध्यात्मिक केन्द्र के संस्थापक एम. अरविन्द ने दी। आगे उन्होंने कहा 23 अप्रैल की सुबह छठु लाल सेवा सदन, बबुआगंज से आकर्षक शोभा यात्रा निकलेगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरता हुआ पुनः आयोजन स्थल (छठु लाल सेवा सदन पहुंचेगी। शोभा यात्रा में बाबा शिवनाथ दास जी महाराज रथ पर सवार हो नगर भ्रमण भी करेंगे। शिवनाथ भक्त मंडली के सभी सदस्यों ने तैयारियां पूरी कर ली है। 23 अप्रैल और 24 अप्रैल को भजन, संकीर्तन भी होगा।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

**राहुल कुमार सिंह**

मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## टीबी संक्रामक बीमारी एक झलक



**[ प्रति वर्ष 10 मिलियन लोग टीबी से बीमार पड़ते हैं। रोकथाम योग्य और साध्य बीमारी होने के बावजूद, हर वर्ष 1.5 मिलियन लोगों की टीबी से मौत हो जाती है, जो इसे दुनिया की सबसे बड़ी जानलेवा संक्रामक बीमारी बनाता है। हालाँकि टीबी किसी भी वर्ग, धर्म, जातीयता और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के लोगों को प्रभावित कर सकती है, लेकिन यह समाज में सबसे वंचित लोगों को, जिनमें बच्चे, शहरी गरीब, क़ैदी और एचआईवी/एड्स से पीड़ित लोग शामिल हैं, असंगत रूप से प्रभावित करती है। यह बीमारी केवल एक स्वास्थ्य संकट होने तक सीमित नहीं है। यह एक आर्थिक संकट भी है जो कुछ अनुमानों के अनुसार, भारत को हर वर्ष अरबों रुपए की हानि पहुँचाती है और परिवारों एवं समुदायों को कर्ज और गरीबी में धकेल देती है। ]**

वैश्विक स्तर पर टीबी के 27% मामले अकेले भारत में हैं। यह आश्चर्यजनक है, क्योंकि टीबी एक पता लगाने योग्य एवं आरोग्य-साध्य बीमारी (detectable and curable disease) है और टीबी निदान एवं उपचार प्रोटोकॉल लंबे समय से मौजूदा स्वास्थ्य प्रणालियों का अंग रहे हैं। खांसी पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस का सबसे आम लक्षण है। चूंकि बीमारी धीरे-धीरे विकसित होती है, इसलिए हो सकता है कि संक्रमित लोग शुरुआत में खांसी की वजह, धूम्रपान, हाल में ही हुए फ़्लू, सामान्य सर्दी, या अस्थमा को मान लें। टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण उत्पन्न होता है, जो माइकोबैक्टीरियासी परिवार से संबंधित जीवाणु है, जिसमें लगभग 200 अन्य जीवाणु शामिल हैं। कुछ माइकोबैक्टीरिया मनुष्यों में टीबी और कुष्ठ रोग (Leprosy) जैसी बीमारियों का कारण बनते हैं और अन्य जंतुओं की एक विस्तृत श्रृंखला को संक्रमित करते हैं। मनुष्यों में, टीबी सबसे अधिक फेफड़ों (pulmonary TB) को प्रभावित करती है, लेकिन यह अन्य अंगों (extra-pulmonary TB) को भी प्रभावित कर सकती है। टीबी एक बहुत ही प्राचीन बीमारी है और मिस्र में 3000 ईसा पूर्व से ही इसके मौजूद होने को दर्ज किया गया है। यह एक उपचार योग्य और आरोग्य-साध्य बीमारी है। टीबी से बीमार पड़ने वाले अधिकांश लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में पाए जाते हैं, लेकिन टीबी का अस्तित्व पूरी दुनिया में देखा जाता है। टीबी से संक्रमित सभी लोगों में से लगभग आधे इन 8 देशों में पाए जाते हैं: बांग्लादेश, चीन, भारत, इंडोनेशिया, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीपींस और दक्षिण अफ्रीका। जनसंख्या के अनुसार बिहार में अनुमानित टीबी मरीजों की संख्या एक लाख 82 हजार होनी चाहिए, पर नोटिफाइड टीबी मरीजों की संख्या 84 हजार है। टीबी का इलाज 4 रोगाणुरोधी दवाओं के 6 माह के मानक कोर्स के साथ किया जाता है, जहाँ स्वास्थ्य कार्यकर्ता या प्रशिक्षित स्वयंसेवक द्वारा रोगी को जानकारी, पर्यवेक्षण एवं सहायता भी प्रदान की जाती है। बहुऔषध-प्रतिरोधक तपेदिक (Multidrug-resistant tuberculosis- MDR-TB) टीबी का एक रूप है जो ऐसे जीवाणु द्वारा उत्पन्न होता है जो दो सबसे प्रभावशाली और प्रथम पंक्ति की टीबी-रोधी दवाओं आइसोनियाज़िड (isoniazid) एवं रिफैम्पिसिन (rifampicin) पर प्रतिक्रिया नहीं करता है। MDR-TB का उपचार बेडाक्विलिन (Bedaquiline) जैसी दूसरी पंक्ति की दवाओं के उपयोग से संभव है। 24 मार्च को विश्व तपेदिक/क्षयरोग दिवस (World TB Day) मनाया जाता है। इसे वर्ष 1882 में डॉ. रॉबर्ट कोच (Dr. Robert Koch) द्वारा टीबी का कारण बनने वाले जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस (Mycobacterium tuberculosis) की खोज की याद में मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के आकलन के अनुसार, प्रत्येक दिन दुनिया भर में 3,500 लोग टीबी से अपनी जान गँवाते हैं और लगभग 30,000 लोग टीबी बेसिली से संक्रमित होते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2030 तक टीबी महामारी को समाप्त करना संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के स्वास्थ्य लक्ष्यों में से एक है। नीतिगत मंशा और ज़मीनी वास्तविकता के बीच के अंतराल को दूर करने की ज़रूरत है। उदाहरण के लिये, भारत को टीबी निदान एवं उपचार तक पहुँच में सुधार और विस्तार के उद्देश्य से लक्षित हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। भारत में टीबी उन्मूलन की राह में व्यक्ति-केंद्रित देखभाल को प्राथमिकता देने, स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों को संबोधित करने और नवाचार को अपनाने के लिये ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत समग्र और व्यक्ति-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर टीबी नियंत्रण की राह में मौजूद बाधाओं को दूर कर सकता है और अपने सभी नागरिकों के लिये एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि कार्यान्वयन में सुधार किया जाए और नई प्रौद्योगिकियों को तैनात करने में अधिक सक्रिय हुआ जाए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि नई प्रौद्योगिकियों को सुव्यवस्थित किया जाए और तेज़ी से लागू किया जाए तथा आवश्यकतानुसार नैदानिक परीक्षणों करने के लिये उप-ज़िला स्तर पर क्षमता का निर्माण किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### देवी स्थान मंदिर कदमकुआं में खाटू श्याम भक्तो द्वारा आयोजित हुआ विशाल भंडारा



**पटना**। श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के सौजन्य से पांचवी बार हर एकादशी- द्वादशी का प्रण लिए हुए भक्तों की ओर से देवी स्थान मंदिर कदमकुआं में आयोजित विशाल भंडारा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का जयकारा लगाते हुए पूड़ी,कचौड़ी, हलवा, बुंदिया सब्जी आदि का प्रसाद ग्रहण किया। श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने बताया कि इसमें सहभागी मां वैष्णो देवी सेवा समिति,श्री श्री श्याम मंडल,श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री बालाजी सुंदरकाण्ड समिति, श्री खाटू श्याम सेना समिति,एकादशी निशान पूजन एवं भजन कीर्तन समिति परिवार, मुकेश हिस्सारिया,आनंद डालमिया,सचिन डालमिया, गोपी मित्तल,जितेन्द्र कुमार जीतू, नरेंद्र शर्मा,अनुज गुप्ता, गप्पू शर्मा,नरेश,पंकज अग्रवाल,अनंत,रिशव,हिमांशु तिवारी,मयंक अग्रवाल,केशव अग्रवाल,गौरव शर्मा आदि रहे।

### सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत दूसरा बाल बाल बचा

**राजापाकर**। सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत प्राथमिकी दर्ज। इस संबंध बिदुपुर थाना क्षेत्र के रहिमापुर निवासी विकास पासवान पिता विपत पासवान ने रविवार को बरांटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया है कि शुक्रवार को अपने चचेरे भाई रामनाथ पासवान पिता देवन पासवान के साथ राजापाकर थाना क्षेत्र के बाकरपुर गांव में बाइक पर सवार होकर बारात गया था। खाना खाने के बाद जब अपने घर लौट रहा था कि बरांटी थाने के अंधरबारा घोड़ा चौक के पास रात 1 बजे अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। मैं सड़क के किनारे बाइक पर से गिर गया किन्तु मेरा भाई के ऊपर ट्रक चढ़ाते हुए चालक भाग गया। मेरे भाई की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मैंने सदर अस्पताल हाजीपुर अपना इलाज कराया। भाई का दाह्य संस्कार करने बाद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'कल्कि 2898 एडी' से अमिताभ बच्चन के नए पोस्टर का अनावरण होते ही फैन्स में बढ़ा उत्साह

• 'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में अमिताभ बच्चन का लुक हुआ जारी




भारतीय सिनेमा के इस साल की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित और नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जबकि इंटरनेट पर इस फिल्म के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। पिछले साल हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए सिनेमा आइकन का एक नया पोस्टर आज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफ़ेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। जल्द ही एक बड़ी घोषणा की उम्मीद जताते हुए पोस्टर पर लिखा है, "समय आ गया है" जिससे दर्शक इस महान रचना के लिए और अधिक उत्साहित हो गए हैं। नए पोस्टर का अनावरण करते हुए, 'कल्कि 2898 एडी सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा गया, ! "लिंक- https://x.com/Kalki2898AD/status/1781695729360380368 'कल्कि 2898 एडी' ने पिछले साल सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में अपनी अभूतपूर्व शुरुआत के बाद बड़े पैमाने पर वैश्विक प्रशंसा अर्जित की थी। नागअश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्देशित, 'कल्कि 2898 एडी' एक बहुभाषी फिल्म है, जो भविष्य में स्थापित एक पौराणिक कथाओं से प्रेरित साइंस फिक्सन तमाशा है।

### एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम को मंजूरी दी

**पटना** : एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आयोजित अपनी बैठक में 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए बैंक (इंडियन जीएएपी) परिणामों को मंजूरी दे दी। खातों का बैंक के वैधानिक ऑडिटर्स द्वारा ऑडिट किया जाना संदर्भित है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक का कंसोलिडेटेड शुद्ध राजस्व 133.६ प्रतिशत बढ़कर 807.0 बिलियन हो गया, जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए 345.5 बिलियन था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कर उपरांत कंसोलिडेटेड लाभ 176.2 बिलियन था जो कि 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही की तुलना में 39.९ प्रतिशत अधिक रहा। 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए प्रति शेयर आय 23.2 थी और 31 मार्च, 2024 तक प्रति शेयर बुक वैल्यू 600.8 थी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कर उपरांत कंसोलिडेटेड लाभ 640.6 बिलियन था, जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष की तुलना में 39.३ प्रतिशत अधिक है। निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 1 के प्रति इक्विटी शेयर पर 19.5 के लाभांश (डिविडेंड) की सिफारिश की। यह अगली वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदन के अधीन होगा।

### बुनकरो को सरकारी मदद की जरुरत

राष्ट्रीय गरीब दल (बुनकर व उद्योग प्रकोष्ठ ), बिहार के अध्यक्ष आशुतोष विनय कुमार ने कहा है कि जहानाबाद एवं अरवल जिला के गाँवों में बसनेवाले बुनकरों की स्थिति दयनीय हो गयी है। एक वक्त था जब यहाँ के बुनकरों द्वारा बुने गए वस्त्रों की माँग देश-विदेश में थी। परन्तु आज जहानाबाद जिला के काको एवं मोहनपुर- गाँव एवं अरवल जिला के गंगापुर, सजीवन दरगाह, इब्राहिमपुर, परसादीइंग्लिश जैसे बुनकर बाहुल्य गाँवों में बुनाई कार्य मृतप्राय हो चुका है। बुनकर अन्य रोजगार की तलाश में राज्य से बाहर पलायन कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि राज्य के अन्य जिला में बुनकरों के लिए चलायी जा रही योजनाओं से जहानाबाद एवं अरवल जिला के बुनकरों को भी लाभान्वित कराया जाए। प्रत्येक बुनकर को 10,000/- (दस हजार कार्यशील पूंजी ) - उन्नत करघा एवं कर्मशाला सह आवास की योजना का लाभ तत्काल जहानाबाद और अरवल जिला के बुनकरों को भी मुहैया कराने की मांग की है ताकि बुनकर अपने परंपरागत हुनर को जिन्दा रखते हुए स्वरोजगार कर सकें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अनिल पुरी एवं बेलागंज प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति और प्रमुख बिजेन्द्र पाल उपस्थित हुए।

### चार वारंटियों को जेल भेजा गया

**राजापाकर**। शनिवार को एस ड्राइव के तहत राजापाकर की पुलिस ने छापामार कर चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेजे गए व्यक्तियों में राजापाकर चौड़ीपर निवासी अमोद राय व देवनाथ राय दोनों पिता स्वर्गीय भगेरु राय अजय राय व जीतेंद्र राय दोनों पिता भूखलु राय शामिल हैं। जिसे रविवार को जेल भेज दिया गया।

### शौर्ट सर्किट से घर में आग लगी लाखों की संपत्ति की क्षति



**राजापाकर**। थाना क्षेत्र के भलुई पंचायत के अलीपुर गांव के वार्ड नंबर 12 में रविवार की शाम बिजली के शौर्ट सर्किट से नईम मियां के घर में आग लगने से घर में रखे कपड़े बर्तन बक्से नक़द रूपए मोटर टायर जलकर भस्म हो गए। इस अगलगी में लाखों रुपए की क्षति का अनुमान है। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया। पुलिस को सूचना दिए जाने पर दमकल वाहन आयी और आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखे सामान जलकर खाक हो चुके थे।अग्नि पीड़ित टायर की दुकान चलाते हैं।

### युवा डॉक्टरों को डेंटल इम्प्लांट प्रक्रिया के बारे में किया गया शिक्षित

**पटना**। मीडिवर्वे लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड एवं मगध ओरो डेंटल इंप्लांट और ऑर्थोडॉन्टिक क्लिनिक द्वारा सेमिनार का हुआ आयोजन । आपको बता दें कि मीडिवर्वे लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई स्थित एक एमएनसी कंपनी है जो की मीडिवर्वे लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड रोगियों और युवा डॉक्टरों की शिक्षा के लाभ के लिए इस तरह के सेमिनार हमेशा अयोजित कर लोगों को जागरूक करते रहती है। मीडिवर्वे लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड के स्थानीय प्रबंधक प्रकाश कुमार, आरके सिंह और सुधीर कुमार है।वही डॉ अभिषेक कुमार मगध ओरो डेंटल इम्प्लांट और ऑर्थोडॉन्टिक क्लिनिक पटना के जगनपुरा में चलाते है। इस सेमिनार में वक्ता डॉ रितेश वत्स, डॉ लव कुमार, डॉ अर्चना रानी ने 50 से अधिक युवा डॉक्टरों को डेंटल इम्प्लांट प्रक्रिया और उनके लाभ के बारे में शिक्षित किया है ।

# बीबीएफएस आवासीय अकादमी के लिए पटना में ट्रायल

नई सोच एक्सप्रेस




**पटनाः** एनजोगो द्वारा संचालित बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) 28 अप्रैल 2024 को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में अपने आवासीय अकादमी कार्यक्रम के लिए ट्रायल आयोजित करेगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए 1 जनवरी 2007 से 31 दिसंबर 2014 के बीच जन्मे खिलाड़ी पात्र हैं। रिपोर्टिंग समय 8:00IST है। फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी किट और एक वैध सरकारी आईडी लानी होगी। इस ट्रायल में लड़के और लड़कियां दोनों भाग ले सकते हैं। बीबीएफएस के सह-संस्थापक और फुटबॉल के दिग्गज बाईचुंग भूटिया ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, युवा खिलाड़ियों को सही अवसर पाने और पेशेवर फुटबॉलर बनने के लिए, उन्हें कम उम्र से ही एक अच्छी तरह से संरचित खेल पाठ्यक्रम में प्रवेश करना होगा।ष् बीबीएफएस आवासीय अकादमी ट्रायल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए हमारे कार्यक्रम में शामिल होने और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता हासिल करने के लिए प्रशिक्षण लेने का एक शानदार अवसर है। बिल्डिंग फ्यूचर चैंपियंस के आदर्श वाक्य के साथ, बीबीएफएस आवासीय अकादमी परीक्षणों का आगामी संस्करण एक बार फिर देश के सभी हिस्सों को कवर करेगा। चुनिंदा बीबीएफएस स्काउट्स विभिन्न शहरों की यात्रा करेंगे और प्रतिभाओं के एक बड़े समूह को शामिल करेंगे। फुटबॉल में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए ट्रायल एक महत्वपूर्ण कदम बन गया है। यह न केवल उन्हें खेल में अपने कौशल का मूल्यांकन करने के लिए एक मंच देता है बल्कि देश के सबसे बड़े और सबसे अधिक रेटिंग वाले फुटबॉल कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी देता है। बीबीएफएस आवासीय अकादमी एक अद्वितीय बोर्डिंग स्कूल कार्यक्रम है जो फुटबॉल उत्कृष्टता और शैक्षणिक विकास का एक आदर्श मिश्रण प्रदान करता है। बीबीएफएस आवासीय अकादमी के छात्र-एथलीट अत्याधुनिक परिसरों में रहते हैं, जहां वे 24x7 फुटबॉल वातावरण में डूब जाते हैं। ये समर्पित एथलीट लाइसेंस प्राप्त प्रशिक्षकों के संरक्षण में दिन में दो बार प्रशिक्षण लेते हैं, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी मैचों में भाग लेते हैं, और आईसीएसई/सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में अपनी शैक्षणिक शिक्षा प्राप्त करते हैं, जिससे उनके खेल और शैक्षणिक कौशल का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। वर्तमान में, बीबीएफएस आवासीय अकादमियां चार क्षेत्रों में कार्यरत हैं - वेद इंटरनेशनल स्कूल (ग्रेटर गुड़गांव), बार्न्स स्कूल एंड जूनियर कॉलेज (महाराष्ट्र), असम राइफल्स पब्लिक स्कूल (मेघालय), महर्षि विद्या मंदिर (तमिलनाडु)। बीबीएफएस ने एक मजबूत स्काउटिंग नेटवर्क विकसित किया है जहां कई अकादमी खिलाड़ियों ने भारत की आयु-समूह टीमों, इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और संतोष ट्रॉफी टीमों के लिए खेला है। गौरव बोरा (नॉर्थईस्ट यूनाइटेड), रोहित कुमार (बेंगलुरु एफसी), आशिक कुरुनियन (भारतीय राष्ट्रीय टीम), और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय सितारों ने बीबीएफएस से शुरुआत की और रैंक के माध्यम से आगे बढ़े हैं। हाल ही में, बीबीएफएस आवासीय अकादमी के चार खिलाड़ियों को भारत आयु-समूह शिविर के लिए चुना गया था। दो खिलाड़ियों (मनभाकुपर मलंगियांग और लियोनेल डी रिम्मे) को 2023 में अंडर-16 सैफ चौंपियनशिप के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था, जहां भारत चौंपियन के रूप में उभरा। अपने फोन पर एनजोगो ऐप डाउनलोड करें और पटना ट्रायल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करें। किसी भी प्रश्न के लिए, 8448020010 पर हमसे संपर्क करें।

## प्रीमियर एनर्जीस ने आईपीओ के जरिए 1500 करोड़ रुपए से अधिक जुटाने के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटनाः** हैदराबाद स्थित प्रीमियर एनर्जीस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपए से अधिक जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। फ्रॉस्ट एंड सुलिवन रिपोर्ट के अनुसार प्रीमियर एनर्जीस 31 मार्च, 2024 तक भारत की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत सौर सेल और सौर मॉड्यूल निर्माता कंपनी है (क्रमशः 2 गीगावॉट और 3.36 गीगावॉट की वार्षिक स्थापित क्षमता के संदर्भ में)। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। साथ ही इसमें सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा विक्रय किए जाने वाले 2,82,00,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव भी शामिल है। ऑफर फॉर सेल के तहत, साउथ एशिया ग्रोथ फंड प्प् होल्डिंग्स एलएलसी 2,38,46,400 इक्विटी शेयर बेचेगा और साउथ एशिया ईबीटी ट्रस्ट 1,53,600 इक्विटी शेयर बेचेगा। इनके अलावा, प्रमोटर चिरंजीव सिंह सलूजा 42,00,000 इक्विटी शेयर का विक्रय करेंगे। कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से, 300 करोड रुपए तक की निर्दिष्ट प्रतिभूतियों के प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पर विचार कर सकती है। यदि प्री-आईपीओ प्लेसमेंट किया जाता है, तो नया इश्यू ऐसे प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की सीमा तक कम हो जाएगा। प्रीमियर एनर्जीस लिमिटेड, जिसकी स्थापना 1995 में चेयरमैन और पूर्णकालिक निदेशक सुरेंद्र पाल सिंह सलूजा द्वारा की गई थी, ने नए इश्यू की शुद्ध आय का उपयोग इन कार्यों में करने का प्रस्ताव रखा है- हैदराबाद, तेलंगाना में 4 गीगावॉट सोलर पीवी टॉपकॉन सेल और 4 गीगावॉट सोलर पीवी टॉपकॉन मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा की स्थापना के लिए अपनी सहायक कंपनी, प्रीमियर एनर्जीज ग्लोबल एनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पीईजीईपीएल) में 1168 करोड़ रुपए और बाकी राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए। कंपनी जो सौर पीवी सेल्स और सौर मॉड्यूल के निर्माण, ईपीसी परियोजनाओं के निष्पादन, स्वतंत्र बिजली उत्पादन, कंपनी द्वारा निष्पादित ईपीसी परियोजनाओं के संबंध में ओ एंड एम सेवाओं और अन्य सौर-संबंधित उत्पादों की बिक्री में है, उसके पास आईपीपी, ओईएम और अन्य ऑफ-ग्रिड ऑपरेटर जैसे ग्राहक हैं, जैसे- एनटीपीसी, टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, कॉन्टिनम ग्रीन एनर्जी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड, फर्स्ट एनर्जी 6 प्राइवेट लिमिटेड (थर्मैक्स ग्रुप कंपनी), ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, हार्टेक सोलर प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीन इंफ्रा विंड एनर्जी लिमिटेड (सेम्बकॉर्प ग्रीन इंफ्रा लिमिटेड की सहायक कंपनी) आदि। प्रीमियर एनर्जीस की पांच मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज़ है, जो सभी हैदराबाद, तेलंगाना में कंपनी के स्वामित्व वाली भूमि पर स्थित हैं। कंपनी, संयुक्त राज्य अमेरिका (वैश्विक स्तर पर सौर पैनलों के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक) में सौर सेल्स की सबसे बड़ी भारतीय निर्यातक कंपनी बन गई है। कंपनी ने यह उपलब्धि मैनेजिंग डायरेक्टर चिरंजीव सिंह सलूजा के नेतृत्व में 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि में हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2021 से वित्तीय वर्ष 2023 तक संचालन से कंपनी का राजस्व 42.71 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा। वित्तीय वर्ष 2023 तक परिचालन से इसका राजस्व 1,428 करोड़ रुपए था, और 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीनों की अवधि के लिए यह राशि थी 2,017 करोड़ रुपए। 15 मार्च, 2024 तक, कंपनी के पास 5,362 करोड़ रुपए की ऑर्डर बुक थी। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा भारत नेपाल सीमा पर किया नेपाली शराब को जब्त



नई सोच एक्सप्रेस

**जयनगर**। 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए की जा रही लगातार कार्यवाही में दिनांक आज दिनांक 20/04/2024 को 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी बिहारी के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सफलता मिली है, इलाके में हो रही तस्करी के क्रम को रोकने के लिए चौकी प्रभारी बिहारी सहायक उप निरीक्षक राजीव कुमार की अगुवाई में अन्य जवानों के साथ विशेष गस्त के दौरान के दौरान अचानक से की गई कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 293/01 से लगभग 100 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ मोटरसाइकिल पर नेपाल से भारत लाई जा रही है नेपाली शराब शराब सौफीं (300ml) की- 77 बोतलों के साथ एक तस्कर राहुल कुमार कामत (उम्र 27) सुपुत्र राम सोग्रत कामत , गांव-जगत बेनीपट्टी, पुलिस स्टेशन बेनीपट्टी, जिला मधुबनी (बिहार) को बरामद कर गिरफ्तार किया गया है।जब्त की गई शराब की बोतलों, मोटरसाइकिल एवं गिरफ्तार तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु मधवापुर थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

## मोशन एजुकेशन ने पटना में अपने दूसरे ब्रांच की शुरुआत की

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना** : मोशन कोटा के दूसरे ब्रांच का उद्घाटन कंकड़बाग पटना में मोशन के निदेशक दीपक कुमार, वाइस प्रेसिडेंट नीतीश अग्रवाल एवं एकेडमिक ऑपरेशन साहिल के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर मोशन पटना के सारे शिक्षक, एडमिन स्टाफ़्स एवं छात्र मौजूद रहे। संस्थान के निदेशक ने कहा हमारा पहला ब्रांच बोरिंग रोड में चल रहा है जहां कोटा के तर्ज पर पढ़ाई और सारी व्यवस्था की गई है और बच्चे काफ़ी खुश है। पटना के पूर्वी क्षेत्र के बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखकर हमलोगों ने कंकड़बाग में एक ब्रांच ओपन किया है।वाईस प्रेसिडेंट नीतीश अग्रवाल ने मोशन एजुकेशन की विशेषता पर प्रकाश डाला। साहिल सर ने मोशन में पढ़ाई के तौर तरीकों के बारे में बताया। मोशन केवल टॉप पोजीशन के लिये काम नहीं करता बल्कि हर एक बच्चे हमारे लिए खाश होते है। अधिक से अधिक बच्चों को सफलता दिलाना हमारा लक्ष है। उद्घाटन समारोह में डॉ मिथिलेश कुमार (सेंटर हेड), भानुप्रताप, नितिन, प्रभात कुमार, अरुण ओझा, लव कुमार, अभिषेक झा, अमरेन्द्र शर्मा एवं नलिन मोहन अपने पूरे टीम के साथ उपस्थित रहे।

## 'दीवान साहब' लाया है दूल्हों के लिए बेहतरीन रेंज

नई सोच एक्सप्रेस



• शादी की तैयारी : दीवान साहब के संग
• दूल्हे का चेहरा सुहाना बनाएगा दीवान साहब
• अनोखी पहल : सभी धर्म के धर्म गुरु ने किया शुभारंभ

**पटना**। शादी की शॉपिंग और दूल्हों के बेहतरीन कपड़े के लिए दानापुर के लोगों को अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। राजधानी पटना के तेजी से बन रहे नए व्यापारिक केंद्र सगुना गोला रोड क्षेत्र अब दिल्ली की तर्ज पर नया सीपी बन रहा है।यह क्षेत्र व्यापारिक के साथ ही फैशन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होता जा रहा है। हर मल्टीनेशनल ब्रांड अपना एक केंद्र इस क्षेत्र में जरूर खोलता है। इसी कड़ी में आज रेमंड, मर्यादा, वैन हुसैन, लुइस फिलिप जैसे ब्रांड का एक छत के नीचे दीवान साहब के 5000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में आज शुभ उद्घाटन हुआ। इस नए शोरूम दीवान साहब का उद्घाटन बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति मोहम्मद सलीम परवेज ने विभिन्न धर्म के गुरुओं की उपस्थिति में किया। यह पहला मौका था जब किसी व्यापारिक शोरूम के उद्घाटन में विभिन्न धर्म गुरु ने अपना शुभाशीष दिया। शोरूम के ओनर अफरोज अहमद ने कहा कि शादी का महत्व हर धर्म में है। धर्म कोई भी हो पर दूल्हा का चेहरा सुहाना हर कोई चाहता है। इसी कोशिश में दीवान साहब ने दूल्हे के कपड़ों के लिए एक बेहतरीन रेंज और डिजाइन एक छत के नीचे उपलब्ध कराया है। दूल्हा ही नहीं बारातियों के मनपसंद ड्रेस कोड यहां पर मिलेंगे। कुर्ता पजामा, शेरवानी, छोटे बच्चों की शेरवानी, प्रिंस सूट कस्टमाइज्ड सूट की लंबी रेंज यहां उपलब्ध है। मेट्रो सिटी का रेंज और डिजाइन यहां लोगों को देखने को मिलेंगे। सूट के लिए 6000 से लेकर के लाख रुपए तक का और शेरवानी के लिए 8000 से लेकर के 60000 तक का कलेक्शन रखे गए हैं। राजधानी पटना की पहली बेस पोक टेलरिंग की सुविधा दीवान साहब में खोली गई है। बेस पोक सबसे बेहतरीन टेलरिंग मानी जाती है। मुख्य अतिथि मोहम्मद सलीम परवेज ने कहा कि शादी या निकाह एक पवित्र सामाजिक संस्था है और यह जीवन की अनमोल घड़ी होती है। इसे हर कोई यादगार बनाना चाहता है। शोरूम दीवान साहब की यही कोशिश है कि दूल्हे के पहनावा को यादगार बनाया जाए। ऑनर अफरोज ने कहा कि यहां 24 घंटे में कस्टमाइज सूट उपलब्ध करा दिए जाएंगे। नव शुभारंभ पर एक निश्चित खरीदारी पर उपहार भी दिया जा रहा है। लिनेन, सिल्क और कॉटन कपड़े शत प्रतिशत शुद्ध रखे गए है। धर्मगुरु आचार्य बुधन ओझा, मो फाजिल अहमद, पटना हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथि गुरुदयाल सिंह, पटना चर्च के पादरी विक्टर थॉमस ने शुभकामना देते हुए कहा कि शादी के कपड़े धर्म नहीं देखते, केवल वह प्रेम सद्भाव और अपनी खुशी लोगों के बीच लाते हैं। उद्घाटन के मौके पर शहर के प्रबुद्धजन एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बिहार में लोकसभा चुनाव में चौकने वाले परिणाम आयेंगे : तेजस्वी

नई सोच एक्सप्रेस

• नीतीश कुमार आज भी हमारे लिए आदरणीय
• महबूब अली कैसर हुए राजद में शामिल

**पटना**। राजद के राज्य कार्यालय कर्पूरी सभागार में रविवार को खगड़िया के लोजपा सांसद चौधरी महबूब अली कैसर ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक एवं भोला यादव सहित अन्य के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अपने संबोधन में नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि बिहार में लोकसभा चुनाव में चौकने वाले परिणाम आयेंगे और देश के अन्दर मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन लोगों के समर्थन और विश्वास को जीतने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चौधरी महबूब अली कैसर ने जो निर्णय लिया है, यह एक बेहतर कदम है और इससे गंगा जमुनी संस्कृति को मजबूती मिलेगी साथ ही लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। आज देश में दो विचार धारा की लड़ाई है। एक तरफ संविधान बचाने वाले लोग खड़े हैं वहीं दूसरी ओर संविधान को कहीं न कहीं कमजोर करने के लिए अपने राजनीतिक हित में जो लोग इस्तेमाल कर रहे हैं उसको करारा संदेश आज के मिलन समारोह से मिलेगा। साथ ही इनके इस निर्णय से राज्य और देश में एक मजबूत मैसेज गया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार हमारे लिए आदरणीय हैं और वो हमारे या हमारे परिवार पर चाहे जितना भी बोल लें हम उसे आशीर्वाद के रूप में लेते हैं। वे हमारे पापा के मित्र हैं और आज कल कुछ लोग ने इन्हें हाईजैक कर लिया है। हम इसका कोई जवाब नहीं देंगे, हम इस संबंध में एक किताब लिखेंगे जिसमें सारे बातों का जिक्र किया जायेगा। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे जहां भी रहें खुश रहें। जब हम साथ थे तो उनके साथ बेटे के साथ रहे। हम उनके बारे में कुछ भी नहीं बोल सकते हैं। तेजस्वी यादव ने भाजपा और नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने जो जुमलों का पहाड़ और बरसात की थी उसे प्रथम चरण के चुनाव में लोगों ने वोट के माध्यम से बहा दिया और बता दिया कि जुमलो को किस तरह से जवाब मिलता है। इस बार चुनाव में मोदी मुद्दा नहीं है। इस बार लोगों के ज्वलंत सवाल और जनता के हित की बात हो रही है लेकिन भाजपा और एनडीए को इससे कोई मतलब नहीं है। भाजपा के घोषणा पत्र में बिहार के हितों या बिहार के सवालों पर कोई बात नहीं की गई है। मोदी के झूठ के पहाड़ को जनता वोट से ढाह देगी। राजद की सदस्यता ग्रहण करते हुए खगड़िया के सांसद महबूब अली कैसर ने कहा कि हम पूरी ईमानदारी से पार्टी में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। मुझे आज तक समझ में नहीं आया कि मेरा टिकट आखिर काटा क्यों गया? लड़ाई चाचा-भतीजे में थी लेकिन शिकार हम बनें और मुझे गद्दार कहा गया जो मेरे लिए तकलीफदेह बात थी जबकि मैंने नहीं बल्कि चिराग ने एनडीए के साथ गद्दारी की और नीतीश कुमार के खिलाफ क्या-क्या नहीं बोला यह सबको पता है। आज हम राजद के साथ आये हैं। हम पार्टी के नीतियों और लालू प्रसाद के सामाजिक न्याय और तेजस्वी यादव के आर्थिक न्याय को मजबूती प्रदान करेंगे। तेजस्वी यादव ने 17 महीने में जो किया उसे भुलाया नहीं जा सकता है। 17 महीने में ही पांच लाख से उपर नौकरियां दी। यह नौजवानों के लिए एक बेहतर संदेश है। इस अवसर पर राजद विधायक मो युसुफ सलाउदीन, प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन, एजाज अहमद, मृत्युंजय तिवारी, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव मुकुंद सिंह, प्रमोद कुमार राम, फैयाज आलम कमाल, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, निर्भय अम्बेदकर, अभिषेक सिंह, उपेन्द्र चन्द्रवंशी सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

## बाहुबली अनंत सिंह की बिगड़ी तबीयत,किडनी और पेट की बीमारी के बाद अस्पताल में भर्ती

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बाहुबली और पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया है। अनंत सिंह को किडनी से संबंधित समस्या के बाद अस्पताल में एडमिट कराया गया है। डॉक्टरों ने उनकी जांच की है और उनका इलाज किया जा रहा है। तीन दिन पहले भी उनकी तबीयत बिगड़ी थी। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि किडनी से जुड़ी समस्या है। उनका क्रिएटिनिन लेवल भी बढ़ा हुआ है। फिलहाल उन्हें आईजीएमएस के प्राइवेट वार्ड के डीलक्स रूम नंबर 51 में भर्ती किया गया है। जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देख रेख में उनका इलाज चल रहा है। बता दें कि मोकामा से पूर्व राजद विधायक अनंत सिंह एके-47 मामले में पटना की बेऊर जेल में बंद है। उन्हें 10 साल की सजा हुई है। इससे पहले भी अनंत सिंह को करीब एक साल पहले पीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उसे समय उन्हें सांस लेने की समस्याएं से जूझ रहे थे। साथ ही उन्हें शरीर में दर्द और उल्टियां हो रही थी। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें भर्ती कराया गया था। मोकामा से आरजेडी विधायक रहे अनंत सिंह पर प्रतिबंधित हथियार अङ-47 रखने का आरोप साबित होने के बाद उन्हें कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। जिसके बाद वह पटना के बेउर जेल में बंद है। साथी इसके बाद उनके पटना स्थित सरकारी आवास पर इंसास राइफल, मैगजीन और बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद होने के मामले में भी वे दोषी पाए गए थे। आपराधिक मामलों होने के बाद जुलाई 2022 में अनंत सिंह की सदस्यता भी रद्द कर गई थी।

## जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया। इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है। विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे 'महादेश को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोडऩे पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की 'गारंटी हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

## जनता निर्णय लेगी

ताजा सर्वेक्षण बताते हैं कि इस बार के आम चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और विकास प्रमुख मुद्दे के रूप में हावी रहने वाले हैं। ये मुद्दे मतदाताओं के लिए अपना सांसद चुनने में काम में आएंगे। पिछले पांच साल में देश की हालत में कितना सुधार हुआ और जनता के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने जनता की बेहतरी के लिए कितनी जिम्मेदारी से कार्य किए, यह भी मतदाताओं पर असर डालेगा। इसी तरह 2019 में एनडीए सरकार ने किन घोषणाओं या वादों को पूरा किया और कौन-सी घोषणाएं एनडीए की केंद्र और राज्यों में उसकी सरकारें पूरा करने में नाकाम रहीं, इस बार के आम चुनाव में जनता द्वारा उन सारे मुद्दों पर गौर करके मतदान करने की बात ताजा सर्वेक्षण में सामने आई है। ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक नौकरी और बेरोजगारी का मुद्दा लोगों के लिए सबसे अहम रहने वाला है। तमाम ऐसे लोगों की राय है कि अर्थव्यवस्था पर राज्य और केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा गौर करने की जरूरत है क्योंकि गैर-बराबरी बढ़ी है। वहीं पर सर्वेक्षण में महिलाओं को रोजगार के अवसर कम होने की शिकायत भी है। बेरोजगारी के अलावा महंगाई का मुद्दा सबसे अहम है। रोजमर्रा की वस्तुओं में बढ़ोतरी से भी आम लोगों में खासी नाराजगी है खासकर गरीब, ग्रामीण और मजदूरी करके परिवार पालने वाले मजदूरों में। निम्न मध्यम और मध्यम वर्ग की भी महंगाई को लेकर सबसे ज्यादा शिकायत है। उज्ज्वला और मुफ्त राशन योजना से भारत का निम्न वर्ग राहत महसूस कर रहा है। गौरतलब है कि भाजपा के नये चुनाव घोषणापत्र में गरीबों को मुफ्त राशन की योजना को अगले पांच साल और बढ़ा दिया गया है। निश्चित ही इसका असर चुनाव परिणाम में दिखाई देगा क्योंकि 2019 में निम्न और माध्यम वर्ग ने केंद्र की मुफ्त राशन योजना को पसंद किया था। आयुष्मान योजना को विस्तार देते हुए गरीबों के अलावा सत्तर साल के बुजुर्गों को भी इसका लाभ देने की बात जरूर नई है, इससे करोड़ों बुजुर्गों को फायदा मिलेगा। इसी तरह पिछले पांच सालों में विकास की अहमियत को 48 प्रतिशत जनता ने स्वीकार किया। सबसे दिलचस्प राय भ्रष्टाचार को लेकर लोगों में देखने को मिली। महज 8 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को तवज्जो दी यानी 92 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को कोई खास तवज्जो ही नहीं दी, जबकि दस साल पहले भ्रष्टाचार सबसे गंभीर मुद्दा हुआ करता था। उस समय देश में बेरोजगारी की दर 5 प्रतिशत के आसपास थी, लेकिन अब यह 6.8 प्रतिशत के आसपास है। पिछले चुनाव में बेरोजगारी को लेकर लोग इतने आक्रामक नहीं थे जितने आज हैं।

# भ्रमजाल में खुद भी फंसिए और दूसरों को भी फंसाईये...



आरती कुमारी

**चुनावी माहौल** : सजने लगी चुनाव की मंडी, फ्रेंचाइजी लेने वालों को माननीय बनवाने की सौ फीसदी गारंटी आइए,आइए साहेबान! एक बार हमारी तरफ भी नजर फरमाऐं। सब कुछ आपके लिए ही तो सजा रखा है। भारी डिस्काउंट, गिफ्ट आइटम। सब कुछ तो है। एक बार हमारी तरफ आकर तो देखें। वादा रहा। निराश नहीं करेंगे। क्या कहा, गारंटी! जी, फुल गारंटी। कोई टेंशन नहीं। शिकायत मिले तो सौ फीसदी रिटर्न। अरे भाई! उधर मत जाओ। धोखेबाज हैं। गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। मौके के यार हैं। अभी दिख रहे हैं। काम निकलते ही अपना मजमा समेट ऐसे निकल जायेंगे, जैसे कभी यहां थे ही नहीं। इनका एक ठिकाना हो तो आपको बताएं। जितने आप और हम कपड़े नहीं बदलते,उससे ज्यादा तो ये ठिकाने बदल लेते हैं। क्या कहा? ये जुबान के सच्चे हैं। भाई साहब, आप कौन से युग में जी रहे हैं। ये त्रेता के सत्यवादी हरिश्चन्द्र थोड़े ही हैं, जो जुबान के पक्के हो। ये तो कलियुग के मिथ्यावादी हरिश्चंद्र हैं। कहेंगे कुछ और करेंगे कुछ। भूल गए पिछली बार आपसे इन्होंने क्या कहा था। बड़ी जल्दी भूल गए आप तो। ये वही है जो दही के नाम पर आपको कपास थमा गए थे। आप भी सोच रहे होंगे कि गाड़ी कौनसी पटरी पर चढ़ गई है। सब्र रखें। सब बताते हैं। आपको नहीं बताएंगे तो किसे बताएंगे। ये इलेक्शन स्पेशल ट्रेन है। हर क्षण इसका नया ड्राइवर और नया स्टेशन है। हां यात्री पुराने ज्यादा और नए कम हैं। चुनावी बाजार की शुरुआत हो चुकी है। वोट जुटाने वाले प्रमुख ' होलसेल व्यापारी' बाजार में गाजे बाजे के साथ अपना मजमा लगा चुके हैं। सीजन को देखते हुए कारिंदों की फौज वक्त के साथ दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। बाजार की मांग अनुसार रोज कुरतों और फटकों के रंग बदले जा रहे हैं। सीजन का फायदा उठाने वाले वोट के होलसेल व्यापारियों ने जगह जगह अपने बंदे छोड़ दिए हैं। जो जैसे तैसे वोटरनुमा उपभोक्ताओं को लुभा अपनी ओर खींचने के जोड़ तोड़ के प्रयास में हैं। बिना लाग लपेट कहने का सीधा भाव यह है कि फिलहाल राजनेताओं का सीजन चल रहा है? आए दिन किसी ना किसी को अपना फटका पहनाकर अधिक से अधिक संख्या में भावी ' माननीय' रूपी फ्रेंचाइजर बनाए जा रहे हैं। ' आगामी समय में आपको ही आशीर्वाद मिलेगा ' यह जुमला लगातार उन्हें सादर भेंट स्वरूप मिल रहा है। एक ही क्षेत्र रूपी बाजार की फ्रेंचाइजी लेने वाले बीसों छोटे व्यापारी वोट रूपी सिक्योरिटी भरने को लालायित खड़े हैं। इसी का फायदा यह कहकर उठाया जा रहा है, वोट एकत्रीकरण में जिस व्यापारी की मार्केटिंग स्ट्रेजी स्ट्रॉन्ग रही, आशीर्वाद उसे ही मिलेगा। इसलिए बिना कुछ विचारे मैदान में लगे रहो। कोई हतोत्साहित होकर मैदान छोड़ दूसरे पाले में न चला जाए, इसका भी डायरेक्टर टीम विशेष ध्यान रख रही है। बीच बीच में ग्लुकोन-डी या मिक्स फ्रूट जूस के रूप में यह कहना उनमें और जोश भर रहा है कि आप ही सबसे आगे चल रहे हो। हाईकमान के पास आपकी पॉजिटिव रिपोर्ट है। बस जोश में होश रखिए, इस बार आपका ही राजयोग का योग है।

**' माननीय' बनवाने का सौ फीसदी आश्वासन** : होलसेल व्यापारियों के 'जुबानी माल' को भोले भाले मतदाताओं तक हर हाल में पहुंचाया जाना इनका प्रथम लक्ष्य है। सत्ता की फ्रेंचाइजी लेने वाले ' भावी माननीय' भी कमतर नहीं हैं। वे भी गांव-गांव और गली-मोहल्लों में अपने-अपने रिटेलर खड़े कर रहे हैं?। ये सभी रिटेलर एक ही कंपनी के 'जुबानी माल' का प्रचार कम और अपने होलसेल व्यापारी का अधिक गुणगान ज्यादा कर रहे हैं। समय के अनुरूप चलने के लिए यदि फिजिकली आमने-सामने प्रचार रूपी भ्रमजाल नहीं फेल पा रहा तो सोशल मीडिया का सहारा लेने में भी ये कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। कई बार तो रिटेलर अपनी ही कंपनी के दूसरे होलसेल व्यापारी की पुरानी कंपनी में रहते हुए किए गए वायदों और खाई गई कसमों का पुराना चिट्ठा खोलने में भी कंजूसी नहीं बरत रहे। एक दूसरे को नीचा दिखाने और अपने 'आका' के सामने ' बाहुबली का दिखावा इनके खेल को और ज्यादा निखार रहा है।

**प्रचार तंत्र में कोई नहीं पीछे** : ऐसा नहीं है कि चुनावी बाजार में उत्पादों की कमी है। बाजार विभिन्न रंगों के लेबल लगे उत्पादों से भरा पड़ा है। सीजन में सभी प्रोडक्ट निकालने हैं। नफा नुकसान आंकलन करने का अभी किसी के पास समय नहीं है। अभी तो साम दाम दण्ड भेद की नीति से सभी प्रोडक्ट को बाजार में उतारना जरूरी है। पैकिंग में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही। दिवारें पुतवानी शुरू कर दी गई है। जगह जगह लगे फ्लेक्स प्रोडक्ट लगातर आंखों के सामने है। कंपनी पुरानी है तो फ्रेंचाइजी लेने वालों की लंबी कतारें है। यहां कंपनी के ही नियम कायदे हैं। ऐसी स्थिति में फ्रेंचाइजर कोई ना नुकर कर प्रोडक्ट को बाजार में बेचने को तैयार खड़े हैं। हां नए व्यापारियों के समक्ष सबसे बड़ी चिंता फ्रेंचाइजी वितरण की है। इसके लिए सबसे पहले उन्हें फ्रेंचाइजी लेने वालो की एकबार सारी शर्ते माननी पड़ रही है। मौके के अनुसार गधों को भी बाप समान दर्जा देना पड़ रहा है।

**किसे मिलेगा रसगुल्ला, सब बाद की बात** : चुनावी बाजार में अपने प्रोडक्ट को बेचने में कौन आगे रहेगा, कौन पीछे रहेगा? इसके बारे में अभी किसी को कुछ पता नहीं। कौनसा प्रोडक्ट कामयाब रहेगा या फुस्स रहेगा। गारंटी मिलेगी या नहीं। इसका किसी के पास जवाब नहीं। फिलहाल होलसेल व्यापारी, फ्रेंचाईजर, रिटेलर सब प्रोडक्ट के गुणगान में लगे हैं। भ्रमजाल कामयाब हो यही सबका लक्ष्य है। कंपनी होलसेल व्यापारी का सीजन के बाद क्या रवैया होगा। प्रोडक्ट बिक गया तो फ्रेंचाइजी लेने वालों को क्या लाभ मिलेगा। क्या उन्हें आशीर्वाद मिलेगा या फिर अगले सीजन की बाट जोहनी पड़ेगी। या उन्हें फिर दूसरी कंपनी से कॉन्ट्रैक्ट करने को मजबूर होना पड़ेगा।, ये सब तो आने वाले आगामी छोटे सीजन के समय ही पता चलेगा। लेकिन फिलहाल लोगों की जरूरतों के हिसाब से माल बेचने वाली कंपनियों का बाजार भले ही उठान पर ना हो, राजनीतिक पाटियों का बाजार सातवें आसामन पर है।



**मार्केटिंग के लिए फील्ड में उतरे एजेंट** : चोला समाजसेवा का, नजर बत्ती पर वैसे तो आप मार्केट में किसी प्रोडेक्ट बेचने वाली कंपनी की ड्रिस्ट्रीब्यूटरशिप लेते हो तो आपको तय मुनाफा ही मिल पाएगा। लेकिन फिलहाल जिन कंपनियों का सीजन चल रहा है अगर इनकी स्थाई ड्रिस्ट्रीब्यूटरशिप एक बार मिल जाए तो बस अपने और अपने परिवार के सदस्यों के सुखपूर्ण जीवन तय है। इन कंपनियों से जुड़ने के लिए समाजसेवा का चोगा सर्वाधिक उपयोगी है। इससे इंट्री सीधी हो रही है। सभी की नजर ' मछली की आंख" की तरह 'लाल बत्ती' पर है। एक बार मिल जाए तो बात बन जाए। फिर उन्हें पांच साल तक न तो रिटेलर चाहिए और न ही उपभोक्ता... ?

# पृथ्वी से ही जीवन है

गिरीश्वर मिश्र

पृथ्वी, धरती, वसुंधरा, भूमि आदि विभिन्न नामों से जाने जाने वाली सता को हजारों साल से माता कहा जाता रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में माताभूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः का उद्घोष मिलता है। माता के रूप में पृथ्वी जाने कब से मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि सभी जीवित प्राणियों यानी अपने आश्रितों का निर्व्याज भरण-पोषण करती आ रही है। माता का स्वभाव है कि वह स्वयं कष्ट सह कर भी अपना सारा प्रेम शिशुओं के ऊपर उड़ेलती रहती है क्योंकि वह अपनी संततियों को अपने अस्तित्व से अलग नहीं रखती। वे उसी के अभिन्न अवयव या अंश होते हैं । वैसे भी सारी दुनिया में जो कुछ भी स्थित है वह ईश्वर का आवास हैः ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित् जगत्यां जगत । इसलिए उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं बनता । तभी भारत के आदमी ने सोचा कि पृथ्वी पर जीवन सिर्फ़ बसता नहीं है । वह प्राण शक्ति है और वह उसी की बदौलत जीता है । हमारी भाषा, विचार और शरीर-रचना सब पर इस भूमि का अनिवार्य प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी प्राणियों के लिए आश्रय ही नहीं है वरन उसी से ही जीवन संभव हो पाता है। हम सब पृथ्वी के तत्वों से निर्मित होते हैं। मिट्टी की सबसे विलक्षण शक्ति उसकी उर्वरा क्षमता में निहित है। इस जीवनी शक्ति के चलते रूखे-सूखे बीज का रूपांतरण होता है, अंकुरित होकर वह बीज हरी-भरी घास, अन्न की लहलहाती फसल, नाना प्रकार के चित्ताकर्षक सुगंधित पुष्प, भाँति-भाँति के सुस्वादु रसीले फल वाले, औषधीय और अन्य क़िस्म के वृक्ष-वनस्पतियाँ आदि जानें क्या-क्या बन जाता है। धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएँ- कोयला, सोना, चाँदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्जा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें। बहुत से पदार्थ ऐसे भी हैं जो रत्नगर्भा पृथ्वी ने अपने भीतर छिपा रखे हैं और हमें उनका ज्ञान नहीं है। ऐसी पृथ्वी जड़ नहीं है और हमें अपने अस्तित्व को उसके हिस्से के रूप में देखना चाहिए। हमारा पृथ्वी से सम्बन्ध एक समग्र रचना या अंगी के अंग के रूप समझना चाहिए। पृथ्वी को देवता माना गया। पृथ्वी रक्षणीय और वंदनीय हो गयी। भूमि को माता का दर्जा मिला। परंतु आज की स्थिति भिन्न है। अब वैश्विक स्तर पर सभी देशों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों में जलवायु - परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन ख़तरे में पड़ रहा है । हम सब प्रकृति और मनुष्य अलग-अलग देखने लगे हैं। प्रकृति का संसाधन वाला रूप बड़ा आकर्षक लगता है। विगत वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में बड़ी तेज़ी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य अपने सीमित स्वार्थों के चलते बाज नहीं आता। उसे यह विस्मृत हो जाता है कि प्रकृति विकल्पहीन है।उसे खोने का ख़तरा हमें कहीं का न रखेगा। यूरोप और अमेरिका के विकसित देशों में बाढ़, लू, सूखा और तूफ़ान जैसी चरम स्थितियों का कई कई बार सामना करना पड़ा है। भारत के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की विभीषिका का असर हुआ था। दुबई में हुई ताजा वर्षा और बाढ़ अभूतपूर्व है। विकास को लेकर चिंतन में 'टिकाऊ विकास' के लक्ष्यों को पहचानना सराहनीय कदम था। पर उद्घोषणा को कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा आगे नहीं बढ़ पा रही है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश और जैव विविधता के ह्रास का ख़तरा बढ़ रहा है। सभी देश पर्यावरण की रक्षा के लिए ज़रूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को स्वीकार न करके छूट लेने की फ़िराक़ में हैं। ग्रीनगैस के उत्सर्जन को लेकर आज जो हालात हैं उसमें यह स्थिति ख़ास तौर पर दिख रही है। अब पृथ्वी पर तापमान में वृद्धि अनियंत्रित होती जा रही है। विडम्बना यह भी है कि इस वैश्विक पैमाने पर आ रही विपत्ति का नुक़सान अक्सर कम विकसित देशों को ही भुगतना पड़ता है। अनुमान है कि विश्व को 2.5 से 2.9 सेल्सियस तापमान से गुजरना होगा। मौसम में होने वाले इस तरह के क्रांतिक बदलाव के भयानक परिणाम हो सकते हैं। आज प्रौद्योगिकी का जिस तेज़ी से विकास हो रहा है वह प्रकृति की संभावनाओं को कुंठित और करने वाला साबित हो रहा है । खेती में में रासायनिक खाद और कीटनाशकों आदि के विविध रूप विष की तरह मानव शरीर में पहुँच कर अनेक रोगों को जन्म दे रहे हैं। यही हाल आणविक ऊर्जा के उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का भी है। वृक्षों आदि विभिन्न वनस्पतियों, मनुष्य और अन्य जीव जंतु सभी परस्पर निर्भर हैं। ये सभी एक दूसरे के लिए पूरक की तरह सक्रिय हो कर काम करते हैं। परंतु मनुष्य प्रकृति से लेता तो है पर उसे देने की बात याद नहीं रहती है। हाँ, कई लोगों को मन में यह भ्रम ज़रूर है कि प्रकृति असमाप्य है, कभी ख़त्म न होगी। हम प्रकृति को जड़ या निर्जीव मान कर मनोवांछित तरीक़े से इच्छानुसार उसके शोषण और दोहन में शामिल हो जाते हैं। यह हमारे स्वभाव का हिस्सा बनता जाता है। हम असंवेदनशील और असहिष्णु हो कर हिंसक बनते जाते हैं। पृथ्वी से मिलने वाले प्रसाद का सेवन श्रेयस्कर होता है न कि लोभवश अंधाधुंध शोषण। पृथ्वी की अकूत सम्पदा में बहुत कुछ यदि पुनर्नवीकरण करने लायक़ (रिन्यूएबिल) होता है तो बहुत कुछ उपयोग के साथ क्रमशः ख़त्म होता जाता है। परंतु यह सब देख हम पृथ्वी को एक संसाधन मान बैठते हैं जिसका शोषण करने लगते हैं। पृथ्वी को उपभोग्य और उसके सभी पक्षों का उपभोग करते रहना हम अपना हक़ सा मान बैठे है। इस उपभोग के अनियंत्रित होने से जीवन की पारिस्थितिकी ख़तरे में पड़ने लगी है क्योंकि सब कुछ परस्पर सम्बंधित है। खेती-बारी, काम-धंधा, सुख-स्वास्थ और सामाजिक-आर्थिक उन्नति से जुड़ी सारी गतिविधियाँ धरती पर ही टिकी हैं। आधुनिक आदमी की सोच में मनुष्य ने पृथ्वी को जड़ मान अपने को अलग कर उस सम्पदा का स्वामी मान बैठा। उसे जीवन को संचालित करने के लिए 'विकास' का एक नया मंत्र मिला गया जिसका आशय निरंतर आगे बढ़ना है और दुनिया के सारे संसाधनों का उपयोग करना है। दुनिया, जगत या पृथ्वी हमारे लिए साधन हैं जिनका मन मर्ज़ी से उपयोग करना है। मनुष्य सब कुछ का केंद्र बन गया और उसके स्वार्थ की सिद्धि को प्रमुख मान लिया गया। पृथ्वी के सभी संसाधनों का अंधाधुंध दोहन शुरू हुआ। अनियंत्रित विकास के चलते एक ओर पृथ्वी की उर्वरा शक्ति कम होने लगी तो दूसरी ओर कूड़ा-कचरा का ढेर लगाने लगा। जो जितना विकसित हुआ उसने उतने ही ज़्यादा कूड़ा पैदा किया। देखते-देखते राजधानी दिल्ली जैसे बड़े महानगरों में कूड़े के कई पहाड़ खड़े हो गए जिनका निस्तारण असंभव सी परियोजना हो गयी। मातृभूमि का एक भौतिक आधार है पर वह सांस्कृतिक संकल्पना है। भौतिक विस्तार के क्षेत्र का घट-बढ होता रहा है। मातृभूमि राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य अंश रहा है। सुजलां , सुफलां, मलयजशीतलां मातरं, बंदे मातरम् का आवाहन हमें कर्म और त्याग के साथ 'मातृदेवो भव' के संकल्प की ओर अग्रसर करता है। भारत भूमि ऐसी 'पुण्यभूमि' के रूप में याद की गई है जहां जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हैं। मातृभूमि की वंदना राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य भाग रहा है। यह राष्ट्रीय आस्था का विषय है। धरती के साथ हिंसा किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं हो सकती। पृथ्वी को जन की धात्री कहा है। उपेक्षा की जगह जागरूक हो कर पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा अपेक्षित है। भौतिक समृद्धि के साथ आध्यात्मिक उन्नति भी होनी चाहिए। एकांगी भौतिक विकास के परिणाम जलवायु परिवर्तन के दृष्टि से घातक हैं। मातृभूमि के संवर्धन में ही सबकी वृद्धि है। मतभेद, प्रतिस्पर्धा और हिंसा के फलस्वरूप मातृभूमि की हानि और सामान्य जन जीवन की भी हानि होती है। दोनों परस्पर निर्भर हैं। हर तरह की विविधता को परे करते हुए मातृभूमि सभी का ख़्याल रखती है।




**मेष राशिः** आज आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। छोटे बच्चे अपने दोस्तों के साथ पार्क में खेलने जाएंगे। घर-वार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा। इस राशि के जिन लोगों का रेस्टोरेंट है, उनके धन में वृद्धि होने की संभावना है। आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। करियर में आपको बड़ी सफलता हासिल होगी। साथ ही आपका सकारात्मक रवैय्या करियर में आपको बेहतरी दिलायेगा।

**वृष राशिः** आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आप स्वस्थ्य बने रहेंगे। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही आईटी से जुड़े स्टूडेंट्स को भी लाभ मिलेगा। आज आपकी बातों का लोगों पर प्रभाव दिखेगा। साथ ही वो आपसे जुडऩे की कोशिश भी करेंगे।

**मिथुन राशिः**आज आपको आर्थिक रूप से अपने रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको टहलना चाहिए। इससे आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। आज सकारात्मक सोच आपको कार्यों में सफलता दिलाएगा। परिवार के साथ किसी टूर का प्लान बनायेंगे। आज लेनदेन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरुरत है।

**कर्क राशिः** आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। आज आपको थोड़ा आलस महसूस होगा, जिससे काम में मन कम ही लगेगा। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आप जरूरतमंद लोगों की तरफ मदद का हाथ बढ़ायेंगे । जो छात्र फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे हैं, उन्हें आज कुछ नया डिजाईन करने को मिल सकता है, उनकी मेहनत रंग लाएगी। दांपत्य रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। व्यापार में लाभ होने की संभावना है।

**सिंह राशिः** आज आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। साथ ही आपको तरक्की के कई अवसर भी मिलेंगे। आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे। आपको व्यापार में मुनाफा होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। कोई नया काम करने के लिए सोचेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका खुशनुमा व्यवहार घर में बहुत ही अच्छा माहौल बना देगा। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे।जीवनसाथी के साथ डिनर का प्रोग्राम बनेगा। सामाजिक स्तर पर आप लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके शानदार रहने वाला है। आज कारोबारियों को धन लाभ होने की उम्मीद है। ऑफिस के काम की गति अच्छी रहेगी, आप अपने सारे रुके हुए काम पूरा करने में सफल होंगे। आज जीवनसाथी को उनकी पसंद का कोई गिफ्ट देंगे। आज किसी वजह से दोस्तों के साथ घूमने का प्रोग्राम टल जाएगा। कोई जरूरी चीज आज आप कहीं रखकर भूल सकते हैं। आपको अपने सामान का खास ध्यान रखना चाहिए।

**वृश्चिक राशिः** आज आप माता-पिता के साथ मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। जीवनसाथी से आपको खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा बन रहेगा। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। आज आप कामकाज में बहुत बिजी हो सकते हैं। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीद होगी। आप उन उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

**धनु राशिः** आज आप कोई जरूरी काम निपटाने में सफल रहेंगे। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी चिंताएं दूर हो जाएगी, साथ ही रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी। कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढऩे के कई मौके मिलेंगे। नींद पूरी होने के कारण आप बेहतर महसूस करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है। करियर में सफलता सुनिश्चित होगी।

**मकर राशिः** आज आपको बच्चो से कोई अच्छी खबर मिलेगी। जीवन मे आगे बढऩे के मौके मिलेंगे। इस राशि के जो लोग फ्रीलांसर हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति जरूर होगी। नए व्यापार के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन उत्साह से भरा रहेगा।

**कुंभ राशिः** आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आर्ट्स स्टूडेंट्स को टीचर्स का पूराःपूरा सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से किसी विषय में आ रही समस्या आज आसानी से सॉल्व हो जायेगी। वर्क आउट शुरू करने से आप चुस्तःदुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन राशिः** आज जीवनसाथी के सहयोग से कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ी अनबन हो सकती है, लेकिन जल्द ही सब ठीक भी हो जायेंगा। टीचर्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी काम में सफलता मिलेगी। आप खुद को ऊर्जा से भरा हुआ फील करेंगे।

# पहले चरण के मतदान में मध्यप्रदेश की तासीर क्या!

जयराम शुक्ल

लोकसभा चुनाव, मध्यप्रदेश में पहले चरण के महासमर में मौसमी लू-लपट के साथ वोटों की छीन-झपट का जोर चरम पर है। पेंच, कान्हा, बांधवगढ़, संजय टाईगर रिजर्व में सियारों की हुआ-हुआ, चिड़ियों की चहचहाहट और बाघों की दहाड़ पर मैदानी इलाकों में पार्टी कार्यकर्ताओं की तू-तू मैं-मैं और नेताओं की हुंकार भारी पड़ रही है। विन्ध्य की दो सीटों सीधी, शहडोल और महाकोशल की चार सीटों मंडला, जबलपुर, छिन्दवाड़ा, बालाघाट लोकसभा सीटों के लिए आज मत पड़ रहे हैं। यह इलाका कभी 'ग्रेट गोड़वाना' का हिस्सा रहा। मुगलों से भिडऩे वाली वीरांगना रानी दुर्गावती से लेकर अंग्रेजों से मोर्चा लेने वाले संग्राम शाह- रघुनाथ शाह के पराक्रम की गाथाएं अभी भी लोगों की जुबान पर हैं। एक तरह से चुनाव के इस पहले चरण का नियंता विशाल वनवासी वर्ग है जिसे रिझाने के लिए भाजपा के पास मोटे पैकेज हैं तो कांग्रेस के पास भावनात्मक और सामाजिक मुद्दे। छिन्दवाड़ा में छीना-झपटी..! इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उसमें छिंदवाड़ा पर देश की निगाहें टिकी हैं। कमलनाथ का सबकुछ दांव लगा है। बेटे नकुल नाथ चुनाव मैदान में हैं। बड़ा सवाल यह है कि छिंदवाड़ा कमलनाथ का पर्याय बना रहेगा यह इस बार निजाम बदलेगा। भाजपा ने विवेक साहू बंटी पर दांव खेला है। केन्द्रीय नेतृत्व और रणनीतिकार हर कदम पर इनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस बार न इन्हें संसाधन की कोई कमी और मनोबल तो जामसांवली के मंदिर के शिखर तक। पर चर्चा के केन्द्र में सिर्फ और सिर्फ कमलनाथ हैं, न नकुलनाथ और न बंटी। बाघ जब बूढ़ा हो जाता है तो जंगल के वन्यजीव उसकी अवहेलना करने लगते हैं। न उसकी गुर्राहट काम आती और जंगल के राजा होने का रसूख। कमलनाथ के साथ कुछ ऐसा ही ही। एक एक करके सभी विश्वसनीय साथ छोड़ते जा रहे हैं। सबसे बड़ी चोट अमरवाड़ा के विधायक कमलेश शाह ने दी। कांग्रेस की टिकट पर पच्चीस हजार मतों से जीतने वाले कमलेश गोड़वाना के शाही वंशज हैं। उनका टूटना दांए हाथ के कट जाने जैसा है। नकुलनाथ के पिछले चुनाव में अमरवाड़ा ने 22 हजार की लीड न दी होती तो जीतना ही मुश्किल था। छिन्दवाड़ा शहर में भी विपरीत हवा है। सबसे पुराने साथी दीपक सक्सेना और महापौर विक्रम अहाके ने बगावत करके छिन्दवाड़ा की मांद को भाजपा के लिए सुभेद्य बना दिया है। विधानसभा में जिस छिन्दवाड़ा जिले की सभी सीटें कांग्रेस ने जीती हों उसके हर विधानसभा में नेताओं कार्यकर्ताओं की पतझड़ है। यहां वनवासी वोटों का प्रतिशत 35 से ऊपर है। तामिया के भारिया वनवासी हैं तो मैदानी इलाके में गोंड। अबतक कांग्रेस का साथ देते आ रहे थे इस बार जन-मन में क्या है..? कोई समझ नहीं पा रहा। बालाघाट में कंकर का बंकर! छिन्दवाड़ा की जोड़ीदार सीट है बालाघाट। मध्यप्रदेश में नक्सलियों का बड़ा ठिकाना। खौफ इतना कि एक बार नक्सलियों ने दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के मंत्री लिखीराम कांवरे को कुल्हाडिय़ों से काट डाला था। हिना कांवरे यहीं से कांग्रेस विधायक हैं।

बालाघाट की सीमा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से लगती है। नक्सलियों का यह एक कॉरीडोर भी है। लगभग 38 प्रतिशत वनवासी बाहुल्य यह लोकसभा क्षेत्र पिछले छह बार से भाजपा के कब्जे में है। लेकिन विधानसभा में भाजपा एक बार भी क्लीनस्वीप नहीं कर पाई। पारंपरिक वनवासी भाजपा की ओर झुकें हैं। नक्सली सत्ता के खिलाफ रहते हैं सो इनका जहां असर होगा वे भाजपा के खिलाफ ही अपना फरमान देंगें। इस बार एक बड़ा फैक्टर हैं कंकर मुंजारे। कभी ये फायर ब्रांड विधायक हुआ करते थे। एक बार निर्दलीय तो एक बार सपा से। ये बालाघाट से एक बार सांसद भी रहे चुके हैं। इस बार बसपा से प्रत्याशी हैं। पिछड़े लोधी वर्ग से आते हैं जो कि यहां की प्रभावी जमात है, जन-धन-बल तीनों से। पिछली बार बसपा को यहां से 6.5 प्रतिशत वोट मिले थे। इतने प्रतिशत वोटों की घट-बढ़ सारे समीकरण बिगाड़ देती है। कंकर मुंजारे की पत्नी अनुभा मुंजारे कांग्रेस की विधायक हैं और कांग्रेस के लिए जी जान से जुटी हैं। जाति से बिंधी राजनीति को साधने के लिए भाजपा ने यहां से भारती पारधी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने सम्राट सिंह सरस्वार को।नक्सली आतंक एक बड़ा मुद्दा है। भाजपा सरकार ने उसपर काबू पाया है। वनवासियों ने अति गरीबों के लिए भाजपा की जन-मन योजना असर दिखा रही है। भाजपा के पुराने स्टालवार्ट ढाल सिंह बिसेन, गौरीशंकर बिसेन और दादा देशमुख क्या कर रहे हैं, खबरें कुछ भी बयान नहीं करतीं पर अब इतना माद्दा भी नहीं बचा कि टिकट कटने के बाद सहानुभूति के जरिए पार्टी का कुछ बिगाड़ सकें। गोंगपा भी कभी एक बड़ा कारक रहा करती थी लेकिन अब तितर-बितर है। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड फिलहाल उसके साथ है.. और इस चुनाव में उन्नीस के मुकाबले बीस ही रहने वाला। मंडला का मन डोला..! मंडला से अबतक जो खबरें आ रही हैं वो भाजपा की पेशानी पर बल डालने वाली हैं। फग्गन सिंह कुलस्ते छठवीं बार जीत के इरादे से मैदान पर हैं। उन्हें कांग्रेस विधायक ओंकार सिंह मरकाम से खासी टक्कर मिल रही है। फग्गन केन्द्र में बरसों से मंत्री रहे हैं तो ओंकार पिछले तीन बार से अच्छे खासे मतों से विधायकी जीत रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में मंडला का रुख कांग्रेस के पक्ष में रहा है।

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में ट्रैविस हेड का तूफान, तोड़े कई रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच टूर्नामेंट का 35वां मैच दिल्ली में खेला गया। हालांकि, मैदान का वेन्यू जरूर बदला है लेकिन हैदराबाद की बल्लेबाजी का अंदाज नहीं। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 में बल्लेबाजी के नए रिकॉर्ड स्थापित करने की आदत बना ली है और यह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी जारी



रहा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएच की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी ने पावरप्ले में ही बोर्ड पर 100 से अधिक रन जोड़ लिए। खासतौर पर हेड ने दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी। हेड 32 गेंदों पर 89 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 278.11 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें 11 चौके और 6 छक्के शामिल थे। वहीं अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों पर 46 रन ठोक डाले जिसमें दो चौके और 6 छक्के शामिल थे। अभिषेक ने 383.33 के स्ट्राइक रेट से रन जोड़े। हैदराबाद ने तोड़े ये रिकॉर्ड-टी20 में सबसे तेज 100 रन जो सिर्फ सिर्फ पांच ओवर में आए। किसी भी टी20 में पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर। इस जोड़ी ने पहले 6 ओवर में 125 रन का विशाल स्कोर बनाया।



## विनेश फोगाट ने जीता ओलंपिक कोटा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लॉरा गनिक्यज़ी को 10-0 से हराकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियन फोगाट ने लॉरा गनिक्यजी के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 4 मिनट 18 सेकंड में मुकाबला जीत लिया।

अभिषेक शर्मा ने बताया अपनी सफलता का राज

# गेम प्लान से मचा रहे तबाही

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब से आने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक ओपनर अभिषेक शर्मा का बल्ला आईपीएल 2024 में जमकर बोल रहा है। वहीं उन्होंने अब अपनी इस आपार सफलता का राज भी बताया है।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है। अभिषेक ने शनिवार को यहां ट्रेविस हेड (32 गेंद में 89 रन) के साथ महज 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी के दौरान पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी कायम किया।



### अभिषेक ने बताया अपना गेम प्लान

इस शानदार शुरुआत से सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी पारी में 6 छक्के लगाये जिसमें 4 छक्के कुलदीप की गेंद पर आये। उन्होंने कहा कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने से उन्हें फायदा हुआ। अभिषेक ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं व्यक्तिगत तौर पर स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के मुताबिक तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास करने पर ध्यान देता हू। इससे काफी फायदा होता है।'

### किस्मत अच्छी है कि हेड हमारी टीम में है

अपनी पारी में छह छक्के जड़ने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय उस कड़ी मेहनत का नतीजा है जो उन्होंने पिछले कुछ महीनों में की है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी इससे मुझे काफी फायदा हो रहा है।' अभिषेक ने कहा कि वह काफी समय से हेड के प्रशंसक रहे है और उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव शानदार रहता है। हेड ने अपनी 32 गेंद की पारी में 11 चौके और छह छक्के लगाये। अभिषेक ने कहा, 'ट्रेविस को बल्लेबाजी करते देखना काफी मनोरंजक होता है। हम मैदान के बाहर भी आपस में काफी बातें करते है। वह ऐसे खिलाड़ी है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। पंजाब (राज्य क्रिकेट टीम) के मेरे साथी जानते है कि मैं तीनों प्रारूप में हेड की बल्लेबाजी का सम्मान करता हूं।

### टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भी बोले अभिषेक

अभिषेक बल्लेबाजी के साथ कामचलाऊ खब्बू गेंदबाज भी है। आईपीएल के मौजूदा और पिछले सत्र में हालांकि उन्हें गेंदबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिला है। उन्होंने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, 'मुझे लगता है कि सब को पता है कि मैं गेंदबाजी कर सकता हूं लेकिन 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम के कारण टीम में एक अतिरिक्त गेंदबाज या बल्लेबाज होता है। हर हरफनमौला के साथ ऐसा हो रहा है यह पिछले साल भी था। मैं मानता हूं कि मुझे जब भी गेंदबाजी का मौका मिलेगा मुझे उसके लिए तैयार रहना चाहिये।' अभिषेक लगातार अच्छी बल्लेबाजी कर राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे है। उनसे जब पूछा गया कि क्या उनके दिमाग में आगामी टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की बातें चल रही है तो उन्होंने कहा, ' इस तरह के मुद्दों पर मैंने हेड से बात की है जिसके बाद मेरी सोच बिलकुल स्पष्ट है। मुझे ज्यादा दूर की चीजों के बारे में सोचे बिना जो भी मौका मिलेगा उसका फायदा उठाने पर ध्यान देना है।'

## भारतीय निशानेबाजों की नजर पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर संधू और विवान कपूर पुरुषों के ट्रैप में शेष उपलब्ध कोटा स्थान जीतने की कोशिश करेंगे, जबकि श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और नीरू महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में भारत के पेरिस स्थानों को अधिकतम करने की कोशिश करेंगी। निशानेबाजी में रिकॉर्ड 20 ओलंपिक कोटा स्थान पहले ही हासिल कर चुका भारत रविवार से दोहा में आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैम्पियनशिप (शॉटगन) शुरू होने पर 2024 पेरिस स्थानों के लिए अपने अभियान की शुरआत करेगा। पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर संधू और विवान कपूर पुरुषों के ट्रैप में शेष उपलब्ध कोटा स्थान जीतने की कोशिश करेंगे, जबकि श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और नीरू महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में भारत के पेरिस स्थानों को अधिकतम करने की कोशिश करेंगी। भवनीश मेंदीरत्ता और राजेश्वरी कुमारी ने पिछली प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पुरुष और महिला ट्रैप में एक-एक कोटा स्थान हासिल किया था।



# व्यापार

## फर्जी कैफ़े ने राजधानी भोपाल में अपने कदम रखे, रणविजय सिंह ने साझा किए अपने अनुभव




**भोपाल।** दुनिया भर में अपने अनूठे स्वाद का लोहा मनवाने के बाद, फर्जी कैफ़े ने राजधानी भोपाल में अपने कदम रखे। भोपाल की सबसे प्राइम लोकेशन में से एक बंसल वन में 4500 वर्ग फुट में फैले इस आउटलेट के लॉन्च के पहले दिन जहाँ फर्जी कैफे फ्रैंचाइज़ी के मालिक जोरावर कालरा मौजूद रहे वहीँ दूसरे दिन बॉलीवुड अभिनेता और रोडीज फेम रणविजय सिंह ने शिरकत की। रणविजय सिहं ने फर्जी कैफे भोपाल के लॉन्च के दौरान कहा, मैं फर्जी कैफे के लॉन्च में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरा फर्जी कैफ़े के दिल्ली और अन्य आउटलेट्स में पिछला अनुभव बहुत ही शानदार रहा है। फर्जी कैफे एक जबरदस्त कॉन्सेप्ट पर आधारित है, यह एक अनूठा कैफे है जो हमेशा कुछ नया और रोमांचक पेश करता है। भोपाल में फर्जी कैफ़े ने मुझे काफी प्रभावित किया है, मुझे यहां का माहौल और भोजन बहुत पसंद आया। मैंने यहां कुछ व्यंजन आजमाए हैं और वे सभी बहुत स्वादिष्ट थे। झीलों का यह शहर भोपाल हमेशा ही मेरा फेवरेट रहा है। फर्जी कैफ़े भोपाल की पूरी टीम को बहुत बहुत शुभकामनाएं जो उन्होंने इतना बहरीन वेन्यु तैयार किया, जिसने इस खूबसूरत शहर की खूबसूरती को चार चाँद लगा दिए हैं। मुझे लगता है कि युवा लोग कैफे के अनूठे कॉन्सेप्ट और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। यह उन लोगों के लिए एक शानदार जगह है जो दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। चाहे वो बच्चों की पार्टी हो या दोस्तों की यह जगह हर किसी के लिए परफेक्ट है। जितना यूनीक यहाँ का कांसेप्ट है उतनी ही यूनिक यहाँ के लोग हैं, जिनसे मिल कर मुझे काफी मजा आया। इसमें कोई शक नहीं है कि जल्द ही यह जगह भोपाल के लोगों के लिए यह वन स्टॉप डेस्टिनेशन बन जाएगी।

## साइबर फ्रॉड से आपके अकाउंट को बचाने की तैयारी, बैंकों ने बनाया नया प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साइबर अटैक से आपके खातों को बचाने के लिए बैंकों ने एक नया प्लान बनाया है। प्लान यह है कि साइबर लुटेरों को पीड़ित के बैंक खाते से निकाले गए पैसों को तेज़ी से एक बैंक से दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने से रोकना। इसके लिए बैंकों ने गृह मंत्रालय की एक यूनिट, नेशनल साइबरक्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के साथ अपने सिस्टम के इंटीग्रेशन का प्रस्ताव दिया है। साइबर अपराधी, पीड़ित के बैंक खाते से पैसे निकालकर कई बैंकों के खातों में तेजी से ट्रांसफर करते हैं। यह एक ऐसी चाल होती है, जिससे अपराधी बैंक खाते से पैसे उड़ा ले जाता है और बैंक या पुलिस के लिए पैसे को बचाना मुश्किल हो जाता है। बैंकों का सिस्टम गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम पोर्टल के साथ सिंक होने से जालसाजों को फ्रॉड करने से रोकना आसान होगा। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एक बैंकर का कहना है कि बैंकों ने साइबर क्राइम एक्सपर्ट से सलाह ली है, जिसके बाद एवरेज रेस्पॉन्स टाइम कम करने और मामलों के फौरन अपडेशन के लिए एनसीआरपी के साथ एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेज) इंटिग्रेशन की सिफारिश की है। आइडिया यह है कि जिस अकाउंट में पैसा आया है, उस जालसाजी को तुरंत चिह्नित कर खाते को बिना इंसानी दखल के ऑटोमैटिक फ्रीज कर दिया जाए।

## एचडीएफसी बैंक का शुद्ध मुनाफा 34 प्रतिशत बढ़ा, ब्याज से होने वाली आमदनी में 24.5 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा मार्च को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 37.1 प्रतिशत बढ़कर 16,512 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान इसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 24.5 प्रतिशत बढ़कर 29,077 करोड़ रुपये हो गई। शनिवार को अपने तिमाही नंबरों की घोषणा करते हुए, एचडीएफसी बैंक ने स्न्न्24 के लिए प्रति शेयर 19.5 का लाभांश भी घोषित किया। निजी क्षेत्र के ऋणदाता का कोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन कुल संपत्ति पर 3.44 प्रतिशत और ब्याज़ अर्निंग असेट




के आधार पर 3.63 प्रतिशत रहा।

एचडीएफसी बैंक ने अपनी फाइलिंग में कहा कि अर्थव्यवस्था में ऋणों का माहौल बेहतर बना हुआ है। बैंक का सभी क्षेत्रों में क्रेडिट प्रदर्शन स्वस्थ बना हुआ है। पिछले तिमाही की तुलना जीएनपीए में 1.24 प्रतिशत का सुधार हुआ है।

बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उसका नेट एनपीए नेट एडवांस का 0.33 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले 0.27 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 0.31 प्रतिशत था। बैंका रिटर्न ऑन असेट्स यानी आरओए 0.49 प्रतिशत रहा जो दिसंबर तिमाही में भी इतना ही था। वहीं, एक साल पहले यह 0.53 प्रतिशत था।

आंकड़े जारी करने के साथ एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने एक रुपए के फेस वैल्यु पर 1950 फीसदी यानी 19.5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। इसके लिए 10 मई को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। एजीएम की बैठक में इसपर मुहर लगने के बाद इसे निवेशकों को जारी कर दिया जाएगा। बैंक ने इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023 में 19 रुपए का लाभांश दिया था।

## सरकार की कमाई में इजाफा, डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 2023-24 में 17.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये हो गया। टैक्स डिपार्टमेंट ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।

आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही।

डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का




रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

## 5 प्रतिशत ब्याज पर 3 लाख तक लोन, 18 तरह के कामगारों के लिए सरकार का तोहफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में कुछ ऐसी स्कीम लॉन्च की है, जिसके जरिए गरीब लोगों को कर्ज की सुविधा मिलती है। उदाहरण के लिए स्ट्रीट वेंडर्स को ध्यान में रखकर पीएम-स्वनिधि स्कीम लॉन्च की गई तो 18 अलग-अलग कैटेगरी के कारीगरों के लिए पीएम-विश्वकर्मा स्कीम की शुरुआत हुई। पिछले साल 17 सितंबर को लॉन्च की गई इस स्कीम में 18 व्यवसाय के कारीगरों को मदद करने की योजना है। इसमें बढ़ई, नाव निर्माता, हथियार निर्माता, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता शामिल हैं। इसके अलावा ताला बनाने वाला, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला, मोची/जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर भी योजना के दायरे में आते हैं। वहीं, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने का जाल निर्माण में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को भी शामिल किया गया है।





## बॉलीवुड में सही प्रोजेक्ट नहीं मिलने पर बोलीं परिणीति

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इस समय इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। निजी जिंदगी को लेकर भी परिणीति खूब लाइमलाइट में रहती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी फिल्म उद्योग में लॉबिंग प्रणाली के बारे में खुलकर बात की है।

अपने हालिया साक्षात्कार में परिणीति ने कहा कि वह कभी भी उन पार्टियों में शामिल नहीं होती हैं, जहां कलाकारों के लिए प्रोजेक्ट बनाए जाते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने यह भी स्वीकार किया कि उनका पीआर गेम बाकी कलाकारों की तुलना में मजबूत नहीं है, लेकिन उन्हें खुद पर भरोसा है और वह चाहती हैं कि फिल्म निर्माता उनसे वही भूमिकाएं दें, जिन्हें वह करने में सक्षम हैं। परिणीति का कहना है कि उन्होंने अमर सिंह चमकीला जैसे मौके के लिए करीब 10 साल तक इंतजार किया। फिल्म में वह सिंगर अमरजोत यानी अमर सिंह चमकीला की पत्नी का किरदार निभाया है। एक बातचीत के दौरान परिणीति ने सही प्रोजेक्ट्स और भूमिकाओं से दूर रहने के लिए अवसरों की कमी के साथ-साथ अपने गलत करियर फैसलों को भी जिम्मेदार ठहराया। परिणीति का कहना है, मैं डिनर और लंच या पार्टियों में नहीं जाती, जहां बॉलीवुड में काम के अवसर मिलते हैं या भूमिकाओं पर चर्चा होती है। मैं चाहती हूं कि निर्देशक और निर्माता मुझे मेरे काम के लिए बुलाएं क्योंकि मैं कड़ी मेहनत करने को तैयार हूं। मैंने 10 साल पहले इशकजादे के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। मैं अब भी वही अभिनेत्री हूं। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं उन कलाकारों के लिए आवाज बनना चाहता हूं जो गुटों का हिस्सा नहीं हैं। मुझे उम्मीद है कि हम बॉलीवुड में लॉबिंग की इस प्रणाली को तोड़ देंगे क्योंकि मैं समान अवसर और काम चाहती हूं। हो सकता है कि मैंने गलत फिल्में की हो, लेकिन मैं वैसी ही हूं, जिस अभिनेत्री ने 10 साल पहले शुरुआत की थी और वह सही मंच की तलाश में है।



## सामंथा रुथ प्रभु ने जान्हवी की फिल्म उलझ की तारीफों के बांधे पुल

जान्हवी कपूर के पास कई बड़े प्रोजेक्स की फिल्में हैं। जिसमें उनकी तेलुगु डेब्यू फिल्म भी शामिल है। इस तेलुगु फिल्म में वह जूनियर एनटीआर और राम चरण के साथ नजर आएंगी। इसी के साथ उनकी फिल्म उलझ रिलीज के लिए तैयार है। निर्देशक सुधांशु सारिया की आने वाली सस्पेंस थ्रिलर फिल्म उलझ का टीजर 17 अप्रैल को रिलीज किया था। फिल्म का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई थी। फिल्म उलझ को सोशल मीडिया पर पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहे हैं।

सबसे पहले जान्हवी कपूर की उलझ को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का प्रतिक्रिया आई थी और इसके बाद राजकुमार राव की प्रतिक्रिया आई थी। अब इसी लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है बॉलीवुड अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ को लेकर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होने कैप्शन दिया, असाधारण है आपका यह लुक। पहले से भी और अधिक मजबूत जान्हवी कपूर। इसके बाद जान्हवी ने समांथा के इस पोस्ट पर रिप्लाई किया। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही हॉलीवुड स्पाई थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल के हिंदी रुपांतरण को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही हैं। हिंदी में बनने वाली इस सीरीज में वरुण धवन और समांथा रुथ प्रभु लीड रोल में नजर आने वाले हैं। निर्देशक राज एंड डीके की वेब सीरीज सिटाडेल का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया जा चुका है।



## सिंघम अगेन में डांस नंबर से भौकाल दिखाएगी करीना कपूर

भारतीय सिनेमा की चर्चित फेंचाइजी सिंघम की अगली फिल्म सिंघम अगेन आने वाली है। इस फिल्म की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। लंबे ब्रेक के बाद रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की इस अगली फिल्म के साथ आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। साथ ही अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म में एक डांस नंबर भी जोड़ा गया है। फिल्म सिंघम अगेन का डांस नंबर करीना कपूर कर रही हैं। खबर है कि अभिनेत्री ने मुंबई में आज इस हॉट डांस नंबर की शूटिंग की है। इस स्पेशल नंबर में वह टाइगर श्रॉफ और अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। करीना कपूर इन दिनों फिल्म क्रू के चलते छाई हुई हैं। करीना, तब्बू और कृति सेनन अभिनीत इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। करीना कपूर कई फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ आइटम नंबर का तड़का भी लगा चुकी हैं। दबंग 2 में फेविकॉल, हीरोइन का हलकट जवानी, डॉन का ये मेरा दिलऔर क्या लव स्टोरी है के इट्स रॉकिंग समेत कई गानों पर अपने डांस मूव्स से बेबो धमाल कर चुकी हैं। फिल्म सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। हाल में सेट से उनकी कुछ तस्वीरें लीक हुईं। दीपिका जल्द ही मां बनने वाली हैं। सामने आई तस्वीरों में उनका बेबी बंप साफ नजर आया। दीपिका सिंघम अगेन में कोई भारी-भरकम एक्शन सीक्वेंस खुद नहीं फिल्माती नजर आएंगी। इसके लिए रोहित शेट्टी ने उनकी बॉडी डबल को रखा हुआ है।

## प्रतीक गांधी ने साझा किया विद्या बालन के साथ काम करने का अनुभव

विद्या बालन और प्रतीक गांधी अभिनीत फिल्म दो और दो प्यार रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें प्रतीक विद्या बालन के पति की भूमिका में हैं। प्रतीक गांधी ने इस फिल्म में विद्या के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने इस दौरान अभिनेत्री की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सेट पर चीजों को काफी आसान बना दिया। अभिनेता प्रतीक गांधी का कहना है कि सेट पर विद्या बालन से मिलने के बाद बेहद खुशी हुई। प्रतीक गांधी गुजराती सिनेमा का बड़ा नाम हैं। वह गुजराती थिएटर से भी जुड़े हुए हैं। हंसल मेहता की सीरीज स्कैम 1992 में भी वह नजर आ चुके हैं। प्रतीक गांधी ने कहा, जब मेरे पास फिल्म का प्रस्ताव आया, तो मुझे विद्या बालन से मिलने के लिए बुलाया गया, क्योंकि मेकर्स हमें साथ देखना चाहते थे। इसके बाद हमने कुछ देर स्क्रिप्ट पढ़ी। मैं उस दौरान विद्या बालन से मिलने के बाद अभिभूत था। प्रतीक गांधी ने आगे कहा, फिल्म दो और दो प्यार के फोटो शूट के दौरान विद्या बालन ने चीजों को काफी आसान बना दिया। चीजें काफी सहज तरीके से हुईं। अभिनेता ने आगे कहा, विद्या बालन बिना किसी प्रयास के किरदारों को बहुत आसानी से निभा लेती हैं। उन्होंने जितने विविध किस्म के किरदार अदा किए हैं, मुझे वह बहुत पसंद हैं। वह बहुत आत्मविश्वास के साथ पर्दे पर आती हैं और हर किरदार में सहज रहती हैं।





## सीरीज पाताल लोक का अगला भाग नहीं लाना चाहते अभिषेक बनजी!



अमेजन प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज 'पाताल लोक' के दूसरे सीजन की कहानी पर काम करीब करीब पूरा हो चुका है। सीरीज के लीड कलाकार जयदीप अहलावत अपने लोकप्रिय किरदार हाथीराम चौधरी के साथ फिर से वापसी की तैयारी शुरू कर चुके हैं। हालांकि, बता दें कि पाताल लोक 2 के बारे में सुनते ही सीरीज में हथौड़ा त्यागी उर्फ अभिषेक बनर्जी दुखी हो जाते हैं। आइए जानते हैं कि ऐसा क्यों है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में हथौड़ा त्यागी की भूमिका निभाने वाले अभिषेक बनर्जी ने खुलासा किया है कि जब भी पाताल लोक 2 सीरीज के बारे में बात होती है तो उनका मन काफी दुखी हो जाता है। अभिनेता के इस बयान से फैंस काफी हैरान हो गए हैं। हालांकि, अभिषेक ने इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया है। अभिषेक बनर्जी ने कहा, मुझे इस बार पाताल लोक में न होने का बड़ा दुख है। मेरा किरदार तो पहले सीजन में ही मार दिया गया था। इस बारे में मैं निर्माता-निर्देशक कर्णेश शर्मा और सुदीप शर्मा को बोलता भी हूं कि आप मुझे पाताल लोक 2 के बारे में कुछ न बताएं, क्योंकि आप लोग मुझे जितना बताएंगे, मुझे उतना और अधिक दुख होता है कि मेरा किस्सा तो पहले सीजन में ही खत्म कर दिया था। मैं उसमें नहीं हूं। मुझे हथौड़ा त्यागी की भूमिका से बहुत प्यार मिला है और उसके लिए मैं हमेशा दर्शकों का आभारी रहूंगा। वहीं, बात करें सीरीज की तो मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस साल के अंत में दर्शकों के सामने इस सीरीज की स्ट्रीमिंग होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी सीरीज और फिल्म की एक लिस्ट जारी की थी, उसमें पाताल लोक का सीजन 2 भी शामिल था।



## पहले से भी ज्यादा जंगली एनिमल बन लौटेंगे रणबीर कपूर

संदीप रेड्डी वांगा के जरिए निर्देशित और रणबीर कपूर अभिनीत एनिमल साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई। इस फिल्म की दमदार सफलता के साथ ही निर्माताओं ने इसके दूसरे भाग की घोषणा कर दी थी, जिसे लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। समय-समय पर फिल्म को लेकर नई और दिलचस्प जानकारियां सामने आ रही हैं, जिसका फैंस को भी बेसब्री से इंतजार रहता है। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग और कहानी को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जो खुद फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने दी है। एनिमल के दूसरे भाग एनिमल पार्क के लिए दर्शकों को अभी लंबा इंतजार करना होगा। फिल्म की शूटिंग थोड़ी देर से शुरू होने वाली है। दरअसल, एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने हाल ही में मुंबई में एक अवार्ड शो में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने फिल्म के सीक्वल के बारे में एक रोमांचक अपडेट साझा किया। साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की शूटिंग साल 2026 में ही शुरू होगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए संदीप रेड्डी वांगा ने कहा कि एनिमल पार्क फिल्म एनिमल से भी बड़ा और जंगली होने जा रहा है। फिल्म की शूटिंग 2026 तक शुरू होगी। अब ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म की कहानी पहले भाग से भी ज्यादा खतरनाक और ज्यादा एक्शन सीक्वेंस के साथ होगी। इस पर तेजी से काम होगा, जिस पर तैयारियां कुछ समय बाद शुरू होने की उम्मीद है। इससे पहले खबर आई थी कि एनिमल पार्क के निर्माता अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म के सीक्वल के लिए विक्की कौशल को शामिल कर सकते हैं। कथित तौर पर विक्की कौशल को एनिमल पार्क में एक नकारात्मक भूमिका के लिए विचार किया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रणबीर के साथ विक्की की ऑनस्क्रीन भिड़ंत देखना दिलचस्प होगा। फिल्म के पहले भाग में बॉबी देओल ने ही नकारात्मक किरदार निभाया था। संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार ने ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल का बहुप्रतीक्षित सीक्वल लाने के लिए हाथ मिलाया है। साथ ही खबर आई थी कि संदीप ने एनिमल पार्क की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। उन्हें कहानी का मूल आर्क मिल गया है और एनिमल के कई प्रमुख किरदार एनिमल पार्क का भी हिस्सा होंगे, जहां रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी अपनी-अपनी भूमिका निभाने के लिए वापस आएंगे, वहीं एनिमल पार्क में उपेंद्र लिमये का भी एक मजबूत ट्रैक है। सीक्वल से कई नए कलाकारों के भी नाम जुड़ेंगे। संदीप प्रभास की स्पिरिट के बाद एनिमल पार्क की शूटिंग करेंगे।

## पुराने दिनों का याद कर भावुक हुए मनोज बाजपेयी



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं में से एक मनोज बाजपेयी आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अपने बेहतरीन अभिनय कौशल से उन्होनें फिल्मी दुनिया में एक विशिष्ट पहचान बनाई हैं। उनकी 100वीं फिल्म भैयाजी भी जल्द ही सिनेमाघरों मे दस्तक देने वाली है। फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म साइलेंस 2 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान वह अपने पुराने दिनों को याद करते हुए दिखाई दिए। उन्होनें बताया कि उस वक्त फिल्मों के लिए फीस उतनी नहीं थी, तो आने-जाने के लिए कुछ अतिरिक्त पैसे दिए जाते थे, जिससे वह आगे की प्लानिंग करते थे। मनोज बाजपेयी ने एक बातचीत के दौरान बताया, सैलरी काफी कम हुआ करती थी, हमारा सबसे बड़ा सपोर्ट आने-जाने के लिए मिलने वाला कैश होता था। हमें 150 रुपए मिलते थे और उस पैसे को कैसे खर्च करना है, इसको लेकर हम प्लानिंग किया करते थे। अभिनेता ने अफसोस जताते हुए बताया कि अब अब वह रुपये नहीं दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पहले जो एक्टर्स अपनी गाड़ी से भी आना-जाना करते थे, उन्हें भी पेट्रॉल का खर्च मिलता था, लेकिन अब ऐसा बिलकुल भी नही है। अभिनेता का ये बयान तब सामने आया है जब फीस के तौर पर अभिनेताओं को मिलने वाली मोटी रकम पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय कुमार को फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के लिए 165 करोड़ रुपए मिले हैं। करीब 350 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म पहले सप्ताह में 50 करोड़ ही कमा पाई।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।